राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 271, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 14 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को उनकी 133 जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

.... पेज 03

दो दिन पूर्व घर से गायब किशोरी का शव बेरासपुर गंगा में मिला उतराता

.... पेज 05

कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले, प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना

.... पेज 07

## कांग्रेस नेता अधीर रंजन और टीएमसी वर्कर में झड़प

### मुर्शिदाबाद में चुनाव प्रचार के दौरान झड़प हुई



बहरामपुर। मुर्शिदाबाद में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी और टीएमसी वर्कर के बीच झड़प हो गई। झड़प के कुछ देर बाद ही टीएमसी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म × पर वीडियो शेयर किया। टीएमसी ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा की अधीर गुंडागर्दी से चुनाव नहीं जीतेंगे। अधीर रंजन ने सफाई देते हुए कहा की जब मैं चुनाव प्रचार के बाद घर जा रहा था तो कुछ लोग आए और 'GO BACK' का नारा लगाने लगे और जब मैं कार से बाहर निकला तो वे कहने लगे कि मैंने पिछले 5 सालों में कुछ नहीं किया है।

## मणिपुर में फिर हिंसा, फायरिंग में 2 लोगों की मौत

### दोनों कुकी समुदाय के; लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पहली घटना

इम्फाल। मणिपुर में 11 महीने (पिछले साल मई से) उपद्रव जारी है। शनिवार (13 अप्रैल) को एक बार फिर हुई हिंसा में दो लोगों की मौत हो गई। पूर्वी इम्फाल और कांगपोकपी जिले के बीच मोइरंगपुरेल इलाके में हथियारबंद दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई।
बताया गया है कि जिन लोगों की मौत हुई, वे दोनों कुकी समुदाय से हैं। मरने वालों के नाम कम्मिनलाल लुफेंग (23), कामलेंगसैट लुंकिम (22) दोनों की कांगपोकपी जिले के रहने वाले थे।

लोकसभा चुनाव 2024 के चलते आचार संहिता लागू है, लेकिन बीते दो दिन से मणिपुर में अलग-अलग इलाकों में गोलीबारी हुई।
घटना सामने आने के बाद पूरे इलाके में सुरक्षाबल तैनात कर दिए गए हैं। जवानों की टुकड़ियां इलाकों में सर्चिंग भी कर रही हैं। लोकसभा चुनाव के चलते मणिपुर में एक्ट्रा सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं।

#### 15 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह का दौरा

15 अप्रैल को गृह मंत्री अमित शाह का मणिपुर दौरा है। ऐसे में ताजा हिंसा के कारण क्षेत्र में तनाव है। वहीं, 19 अप्रैल को पहले फेज में इनर और आउटर मणिपुर लोकसभा सीट के लिए वोटिंग होनी है। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों की तैनाती भी की है। इसके बावजूद हिंसा हो रही है।

#### कांगपोकपी जिले में 24 घंटे का शटडाउन घोषित

कुकी समुदाय के दो लोगों की हत्या के विरोध में कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी



ने कांगपोकपी जिले में 13 अप्रैल की मध्यरात्रि से 14 अप्रैल की मध्यरात्रि तक 24 घंटे का पूर्ण शटडाउन घोषित किया है।

CoT का दावा है कि 12 अप्रैल को शांतिपुर में भी कुकी समुदाय के एक व्यक्ति की मैतेई समुदाय के लोगों ने हत्या कर दी थी।

### मतदान जागरूकता अभियान




बीकानेर में लोकसभा चुनाव से पहले मतदान जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते ट्रांसजेंडर।

## अदालती कामकाज में एआई का उपयोग अवसर के साथ चुनौतियां भी लाता है : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि अदालती कामकाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग अवसर के साथ-साथ कई चुनौतियां भी लेकर आता है। इन दोनों पहलुओं पर सूक्ष्म विचार-विमर्श समय की मांग है। उन्होंने भारत और सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी और संवाद विषय पर आयोजित दो दिवसीय (13 और 14 अप्रैल) सम्मेलन में मुख्य संबोधन करते हुए कानूनी अनुसंधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की परिवर्तनकारी क्षमता को रेखांकित किया और इसे एक 'गेम-चेंजर' बताया। मुख्य न्यायाधीश ने कोलंबिया और भारत का जिक्र करते हुए उन विशिष्ट उदाहरणों पर जोर दिया, जहां एआई और खासकर 'चैटजीपीटी' तकनीक का उपयोग अदालती निर्णय में किया गया। उन्होंने अदालती कार्यवाही में एआई के उपयोग से जुड़े नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विचारों को नजरअंदाज करने के प्रति भी आगाह किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने जोर देते हुए कहा, अदालत की कार्यवाही सहित आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई का उपयोग जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विचारों को जन्म देता है।

## एमपी-यूपी-राजस्थान में बारिश, ओले भी गिरे

### दिल्ली में धूलभरी आंधी - बूंदाबांदी, 22 फ्लाइट्स डाइवर्ट

नई दिल्ली। देश में गर्मी के मौसम के बीच बारिश, आंधी-तूफान और ओले गिरने का सिलसिला जारी है। शनिवार को एमपी के नर्मदापुरम, इटारसी समेत कई जगहों पर तेज बारिश के साथ ओले गिरे। राजस्थान के जयपुर,अलवर,सीकर,बीकानेर, जमेर और श्रीगंगानगर में बारिश हुई। श्रीगंगानगर में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। नोएडा में धूलभरी आंधी चली।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में आज ओले गिर सकते हैं। मध्य प्रदेश के 13 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट है।

राजधानी दिल्ली में शनिवार शाम को मौसम ने करवट बदली और धूलभरी आंधी चलने लगी। इससे लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। खराब मौसम के चलते यहां पहुंचने वाली 22 फ्लाइट्स को डाइवर्ट किया गया। इनमें से 8 को लखनऊ, 9 को जयपुर, 2 को चंडीगढ़ और एक-एक फ्लाइट को वाराणसी, अमृतसर और अहमदाबाद भेजा गया।

रीजनल वेदर फोरकास्टिंग सेंटर



#### आगे कैसा रहेगा मौसम?

बारिश और ओले का दौर 15 अप्रैल तक जारी रह सकता है।
राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में आज से अगले 5 दिनों के बीच अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच सकता है।
पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।
ओडिशा और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले 5 दिनों तक हीटवेव चल सकती है। वहीं, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और गोवा में तेज गर्मी का दौर 17 अप्रैल तक रहेगा।

के कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस बनने के कारण आने वाले दो दिनों में तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

वेदर एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, शनिवार को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बारिश होगी। यहां 30-50 किमी प्रति घंटा की स्पीड से हवाएं भी चल सकती हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा और अंडमान-निकोबार में भी बरसात की संभावना है। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में हल्की बर्फबारी की आशंका है।

## बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट- आरोपी 10 दिन की पुलिस रिमांड पर




बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के दोनों आरोपियों की शनिवार (13 अप्रैल) को बेंगलुरु की स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेशी हुई। जहां से दोनों को 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।
कोर्ट लाने से पहले दोनों को मेडिकल टेस्ट हुआ। एनआईए ने 12 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले से दोनों को गिरफ्तार किया था। इनके नाम अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब हैं।
3 दिन की ट्रांजिट रिमांड पर लाए गए दोनों आरोपियों को पहले बेंगलुरु के फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी डायरेक्टरेट में रखा गया। एनआईए के मुताबिक, 1 मार्च को शाजिब ने कैफे में आईईडी रखा था, जबकि ताहा ने इसका पूरा प्लान तैयार किया था।
एनआईए ने 5 अप्रैल को बताया था कि मुसाविर हुसैन शाजिब मुख्य आरोपी और अब्दुल मतीन ताहा सह-आरोपी है। दोनों ही कर्नाटक के शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली के रहने वाले हैं। शनिवार को ताहा और शाजिब का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें वे कोलकाता ड्रीम गेस्ट हाउस में 23 मार्च को होटल बुक करते नजर आ रहे हैं।

## आंध्र प्रदेश के सीएम पर पथराव

### जगन मोहन रेड्डी के माथे पर चोट लगी



एजेंसी

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी पर चुनाव प्रचार के दौरान शनिवार रात को पत्थर से हमला हुआ। इसमें जगन मोहन रेड्डी घायल हो गए। उनके माथे पर चोट लगी है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जगन मोहन ने विजयवाड़ा में मेमंथा सिद्धम बस यात्रा निकाली थी। वे बस के ऊपर से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान उन पर फूलों के साथ पत्थर फेंके गए।

#### पार्टी ने टीडीपी पर हमले का आरोप लगाया

YSRCP ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने सीएम पर पत्थर फेंका, जिससे उनकी बाईं आंख के ऊपर चोट लग गई। सीएम को प्राथमिक उपचार के लिए बस में ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सीएम रेड्डी ने अपनी बस यात्रा फिर से शुरू की। पार्टी ने सीएम पर हमले को लेकर तेलुगु देशम पार्टी को जिम्मेदार ठहराया। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अपने गुंडों से हमारे सीएम पर हमला करवाया। टीडीपी के लोग सीएम रेड्डी की यात्रा की लोकप्रियता को सहन नहीं कर सके। राज्य की जनता 13 मई को इसका जवाब देगी।

## हरियाणा में यूट्यूबर कपल ने खुदकुशी की

### पुलिस बोली- सुबह झगड़ा हुआ, उसके बाद बिल्डिंग की 7वीं मंजिल से कूदे

बहादुरगढ़। हरियाणा के बहादुरगढ़ में शनिवार सुबह एक सोसाइटी की 7वीं मंजिल से गिरकर युवक-युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों यूट्यूबर थे और लिव-इन में रहते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि खुदकुशी करने से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था।



मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में हुई है। कुछ समय पहले दोनों देहरादून से अपनी टीम के साथ बहादुरगढ़ आए थे। दोनों वीडियो बनाकर फेसबुक और यूट्यूब पर पोस्ट करते थे। फिलहाल वह बहादुरगढ़ शहर की रुहिल रेजीडेंसी सोसाइटी के 701 नंबर फ्लैट में रह रहे थे। गर्वित शनिवार सुबह ही यहां आया था।

## डोडा में भीषण कार दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत, चार लोग घायल

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है. यहां एक भीषण कार दुर्घटना में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. डोडा के डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज रात करीब 8:30 बजे थाथरी फाग्सू रोड पर जा रही एक कार खाई में फिसल गई. कार में 10 लोग सवार थे. 6 लोगों की मृत्यु हो गई है. घटना की जानकारी लगते हुए आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना दी गई. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और घायलों का इलाज सरकारी अस्पताल डोडा में किया जा रहा है.

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि यह



दुर्घटना शनिवार को उस समय हुई, जब डोडा जिले के थाथरी उपमंडल के फागसू इलाके के खानपुरा में एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. एक अधिकारी ने बताया कि वाहन थाथरी से खानपुरा की ओर जा रहा था, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन खाई में गिर गया.उन्होंने कहा कि हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. चारों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

इससे पहले जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग और पहलगाम हिल स्टेशनों पर शनिवार को दो पर्यटकों की मौत हो गई, इनमें से एक अमेरिका से और दूसरा गुजरात से था. अधिकारियों ने कहा कि लाना मैरी नाम की अमेरिकी पर्यटक गांदरबल जिले के सोनमर्ग हिल स्टेशन के एक होटल में बीमार थी. अधिकारियों ने कहा, मैरी को सोनमर्ग के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. अधिकारियों ने कहा, शव सोनमर्ग के पीएचसी में रखा है. उन्होंने बताया कि गुजराती पर्यटक 63 वर्षीय वांगिकर अनघा को पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में होटल के अंदर बेहोश पाया गया।

### एफआईआर

**सीबीआई ने रिश्वतखोरी में केस दर्ज किया; मेघा इंजीनियरिंग ने खरीदे थे 966 करोड़ के बॉन्ड**

## इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली दूसरी बड़ी कंपनी पर एफआईआर

नई दिल्ली। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने हैदराबाद की कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कंपनी इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने में दूसरे नंबर थी। कंपनी ने 966 करोड़ रुपए के बॉन्ड खरीद थे। यह एफआईआर रिश्वत से जुड़े मामले में की गई है।

सीबीआई के मुताबिक, एफआईआर में NISP और NMDC के 8 अधिकारियों और MECON के दो लोगों के नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि मेघा इंजीनियरिंग के जगदलपुर इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में किए काम के 174 करोड़ रुपए के बिल पास करने के लिए इन अधिकारियों ने 78 लाख रुपए की रिश्वत ली थी।

एफआईआर में कहा गया है कि जगदलपुर इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में इंटेक वेल, पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के काम के 315 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में रिश्वतखोरी की बात सामने आई थी। एजेंसी ने 10 अगस्त 2023 को प्रारंभिक जांच शुरू की थी। प्रोजेक्ट मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पास था।

#### इलेक्टोरल बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है मेघा इंजीनियरिंग

1 मार्च 2024 को चुनाव आयोग




द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मेघा इंजीनियरिंग इलेक्टोरल बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार के रही थी। कंपनी ने भाजपा को लगभग 586 करोड़ रुपए की सबसे अधिक राशि का दान दिया था।

कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़, डीएमके को 85 करोड़ रुपए और VSRCP को 37 करोड़ रुपए का दान दिया था। टीडीपी को कंपनी से करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले थे। JD-S, जन सेना पार्टी और जे डी को 5 करोड़ रुपए से लेकर 10 करोड़ रुपए तक की छोटी रकम दी गई थी।

#### एफआईआर में एनआईएसपी और एनएमडीसी के इन अधिकारियों के नाम

रिटायर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रशांत दास, प्रोडक्शन डायरेक्टर डीके मोहांती, डीजीएम भुइंया, डीएम नरेश बाबू, सीनियर मैनेजर सुब्रो बनर्जी, रिटायर CGM (फाइनेंस) ए कृष्ण मोहन, जीएम (फाइनेंस) के. राजशेखर, मैनेजर (फाइनेंस) सोमनाथ घोष के नाम शामिल हैं। इन सभी पर 73.85 लाख रुपए की रिश्वतखोरी के आरोप हैं।

एजेंसी ने MECON लिमिटेड के दो अधिकारियोAGM (कॉन्ट्रैक्ट) संजीव सहाय और डीजीएम (कॉन्ट्रैक्ट) के. इलावर्सू को भी आरोपी बनाया है। इन दोनों ने NMDC के MEIL को 73 बिलों बदले में किए गए 174.41 करोड़ के पेमेंट के लिए 5 लाख रुपए रिश्वत खाई। इसके साथ ही एफआईआर में मेघा और चंद्रा कंपनी के इंजीनियरों को भी आरोपी बनाया है।

## गोवा में 5 साल की बच्ची से रेप, फिर हत्या

### पुलिस ने 20 मजदूरों को हिरासत में लिया; घर से गायब थी लड़की

पणजी। साउथ गोवा के वास्को एरिया में 5 साल की बच्ची की हत्या कर दी गई। पहले उसके साथ रेप किया गया था। बच्ची का शव 12 अप्रैल को मिला। परिवार के मुताबिक, बेटी घर से गायब थी। उसकी तलाश की गई, इसी दौरान उसका शव मिला था।
घटना सामने आने के बाद पुलिस ने 20 मजदूरों को हिरासत में लिया है। बच्ची का शव जहां मिला था, यह लोग वहां बन रही एक इमारत में काम करते हैं। पुलिस ने कहा कि मजदूरों से पूछताछ की जा रही है। परिवार का आरोप था कि रेप के बाद बेटी की हत्या की गई है।

#### पुलिस कर रही मामले की जांच

मामले पर जानकारी देते हुए साउथ



एसपी सुनीता सावंत ने कहा कि घटना 12 अप्रैल की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि उनकी 5 साल की बेटी घर के गायब हो गई थी। तलाश के दौरान परिवार को बच्ची वाड्डेम इलाके में मिली थी। परिवार के लोग उसे तत्काल ही चिकालिम उप-जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची की रेप के बाद गला दबाकर हत्या किए जाने की बात सामने आई है।
एसपी ने आगे कहा कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 20 मजदूरों को हिरासत में लिया है। जहां बच्ची का शव मिला था, ये लोग वहीं पर निर्माणाधीन इमारत में काम करते हैं। इन लोगों के अलावा पुलिस स्थानीय लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वास्को पुलिस ने आईपीसी की धारा 376, 302 के तहत यौन उत्पीड़न और हत्या का मामला दर्ज किया है। पास्को अधिनियम के तहत और गोवा बाल अधिनियम की भी धाराएं लगाई गई हैं।

## शार्ट न्यूज

### कश्मीरी सिख समुदाय ने 'बैशाखी' धार्मिक उत्साह के साथ मनाया

श्रीनगर। कश्मीर घाटी में शनिवार को सिख समुदाय द्वारा 'बैशाखी' धार्मिक उत्साह के साथ मनायी गयी। कश्मीर में मुख्य समारोह पुराने श्रीनगर के रैनावारी स्थित चट्टी पादशाही गुरुद्वारे में आयोजित किया गया। सर्वदलीय समन्वय समिति के अध्यक्ष जगमोहन सिंह रैना ने कहा कि उन्होंने पूरे कश्मीर के प्रमुख गुरुद्वारों में प्रार्थना, कीर्तन और लंगर का आयोजन किया। उन्होंने कहा, समारोह में दरबार साहब (स्वर्ण मंदिर) से कई विद्वानों, कीर्तन जत्थों को आमंत्रित किया गया, जिसमें स्थानीय कीर्तन जत्थे भी शामिल हुये। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा समिति द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई, जिसे हजारों श्रद्धालुओं को परोसा गया। कई एनजीओ की ओर से खाने-पीने के कई छोटे-छोटे स्टॉल भी लगाये गये। रैना ने कहा कि कश्मीर में 80 हजार की सिख आबादी का बैसाखी मनाने का अनोखा तरीका है। कश्मीर के सभी प्रमुख गुरुद्वारों में समारोह आयोजित किये गये। एपीएससीसी के अध्यक्ष ने कहा, बैसाखी मनाने में धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ त्योहार का रूप भी देखने को मिलता है। यह कश्मीर में सभी धर्मों के सांस्कृतिक जुड़ाव के कारण है।

### बीएसएफ महानिदेशक ने एलओसी पर घुसपैठ रोधी ग्रिड को और मजबूत करने के दिये निर्देश

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने सेना के साथ निकट सहयोग से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ रोधी ग्रिड को और मजबूत करने पर जोर दिया है। श्री अग्रवाल ने बीएसएफ के श्रीनगर के बाहरी इलाके हुमहामा स्थित फ्रंटियर मुख्यालय में बैठक के दौरान यह बात कही। बल के प्रवक्ता ने कहा कि बीएसएफ महानिदेशक ने चंडीगढ़ में बीएसएफ की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (डीजी) योगेश बहादुर खुरानिया के साथ नियंत्रण रेखा पर बल की सुरक्षा स्थिति और आम चुनाव के मद्देनजर परिचालन तैयारियों की समीक्षा करने के लिए 11 और 12 अप्रैल को कश्मीर फ्रंटियर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान, उन्होंने फ्रंटियर मुख्यालय हुमहामा में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी के साथ चर्चा की और एलओसी के साथ ऊंचाई वाले अग्रिम स्थानों का दौरा किया। श्री अग्रवाल ने सेना के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ रोधी ग्रिड को और मजबूत करने पर जोर दिया।

### मायावती का उत्तराखंड की पांचों सीटों पर बसपा को जिताने का आह्वान

मंगलौर/देहरादून। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने उत्तराखंड में अपनी पार्टी का गढ़ समझे जाने वाले हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र के मंगलौर में शनिवार को जनसभा में उमड़ी भीड़ को देखकर आह्वान किया कि राज्य की सभी पांचों सीटों पर इस बार बसपा प्रत्याशियों को जितायें। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड से लड़ने वाले बसपा प्रत्याशियों के समर्थन के लिए आई हूं। किसी भी अन्य पार्टी के साथ मिलकर नहीं, अकेले ही चुनाव मैदान में पार्टी उतरी है। हम अपने अकेले के बूते चुनाव लड़ रहे हैं। मायावती ने यहां लिब्बरहेड़ी चीनी मिल के पास हुई जनसभा में कहा कि कार्यकर्ताओं का जोश देखकर भरोसा हो गया है कि इस चुनाव में बसपा के उम्मीदवार भारी मतों से विजयी होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके सहयोगी दल लंबे समय से केंद्र और अन्य राज्यों में काबिज हैं। उन्होंने दावा किया कि इनकी कथनी और करनी में काफी अंतर होने की वजह से ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र में आने वाली नहीं है। बसपा नेत्री ने कहा कि देश की जनता किसी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि आज सभी का हित बहुजन समाज पार्टी में निहित है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी में हमेशा दलितों व अन्य पिछड़े वर्गों का शोषण किया है।

### सीटू ने जारी किया 'मजदूरों का घोषणापत्र'

शिमला। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) का अधिवेशन यहां किसान मजदूर भवन रामपुर में संपन्न हुआ। लोकसभा चुनावों को लेकर सीटू की समझदारी को मजदूरों तक पहुंचाने व 'मोदी हटाओ देश बचाओ' अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में एसजेवीएन 1500 मेगावाट, 412 मेगावाट, लूहरी पनबिजली परियोजना, अडानी एग्रोफ्रेश, नगर परिषद रामपुर, खनेरी अस्पताल, मनरेगा, निर्माण, मिड डे मील व आंगनबाड़ी से सम्बन्धित नीलदत्त शर्मा सहित सैंकड़ों मजदूरों व कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिवेशन का उद्घाटन सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने किया। सीटू जिलाध्यक्ष कुलदीप डोगरा ने अधिवेशन का समापन किया। उन्होंने वर्तमान समय के राजनीतिक हालात पर विस्तार से बात रखते हुए मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भारतीय जन पार्टी को हराने के आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब से पिछले दस साल से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से वह लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए चबालिस श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं।

### हिमाचल में भाजपा ने उपचुनाव के लिए बनाई रणनीति

शिमला। हिमाचल प्रदेश में उथल-पुथल भरे राजनीतिक परिदृश्य के बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी उप-चुनावों के लिए सावधानीपूर्वक प्रमुख व्यक्तियों की नियुक्ति करते हुए एक रणनीतिक रास्ते पर चल पड़ी है। विपक्षी खेमे में शामिल होने वाले राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद राज्य में हलचल मच गई है, जिसका असर भगवा पार्टी के कैडर के भीतर भी देखा जा रहा है। राज्यसभा चुनाव के दौरान कथित रुप से पर्याप्त रिश्वत लेने के आरोपों ने तनाव को और बढ़ा दिया है। भाजपा, केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर, पनप रहे विद्रोह को दबाने और स्थिरता बहाल करने का प्रयास कर रही है। विधानसभा की नौ उप-चुनावों पर गहरी नजर रखते हुए, भाजपा ने चुनाव प्रबंधन कौशल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, अनुभवी नेताओं और पूर्व मंत्रियों को महत्वपूर्ण भूमिकाएँ सौंपी हैं। प्रदेश में राजनीतिक गाथा ने एक नाटकीय मोड़ ले लिया है क्योंकि भाजपा उप-चुनावों की तैयारी के लिए कठिन दौर से गुजर रही है। हाल ही में अयोग्यताओं और दलबदल की बाढ़ ने पार्टी को असमंजस की स्थिति में छोड़ दिया है, जिससे नियंत्रण को फिर से स्थापित करने और चुनावी सफलता सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक उपायों को बढ़ावा मिला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में आगामी उपचुनावों के लिए चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी की घोषणा करके सावधानीपूर्वक तैयार की गई योजना का अनावरण किया।

# बायर्स रजिस्ट्री कराने में नहीं ले रहे रुचि

## नोएडा में बायर्स ने फ्लैट को किराए पर दिया, मूल पते पर रजिस्ट्री के लिए भेजे जा रहे नोटिस

नोएडा। नोएडा में फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री कराने के प्रयास किए जा रहे है। इस सिलसिले में अमिताभ कांत की सिफारिश लागू होने के साथ अब तक कुल 57 बिल्डर में से 42 बिल्डरों ने कुल देय धनराशि का 25 प्रतिशत जमा कराने की सहमति दी गयी है। जिनमें 15 बिल्डरों द्वारा 10 अप्रैल 2024 तक कुल देय धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि जमा करा दी गयी है। इन 15 बिल्डरों को लगभग 1400 रजिस्ट्री करवानी है। लेकिन अभी तक मात्र 325 रजिस्ट्री ही बिल्डरों द्वारा कराई गई।




बैठक में बिल्डरों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सभी रजिस्ट्री जल्द से जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन फ्लैट बायर्स द्वारा रजिस्ट्री कराने में अपेक्षित रुचि नहीं ले रहे है। कुछ बायर्स देश से बाहर हैं, कुछ बायर्स द्वारा फ्लैट को किराये पर दिया हुआ है। बायर्स को उनके मूल पते पर रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस भेजे जा रहे है। बिल्डर द्वारा आश्वासन दिया गया कि नवरात्रि में ज्यादा से ज्यादा रजिस्ट्री करा दी जाएगी।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-3, सेक्टर-78, नोएडा के आवंटी आईआईटीएल निंबस के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें स्वीकृत 218 रजिस्ट्री में से 148 रजिस्ट्री अवशेष बची हैं। जिनमें 41 रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्री माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-3डी, सेक्टर-144, जीएच-3सी, सेक्टर-144 एवं जीएच-3/ए, सेक्टर-143, नोएडा के आवंटी गुलशन होम्स इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी तीनों परियोजनाओं में कुल स्वीकृत 316 रजिस्ट्री में से 226 रजिस्ट्री शेष बची हैं, जिनमें 25 रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्री माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-1/ई, सेक्टर-168 के आवंटी मैसर्स कैपिटल इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कुल स्वीकृत 68 रजिस्ट्री में से 38 रजिस्ट्री के दस्तावेज तैयार हैं। इनका रजिस्ट्रेशन अगले सप्ताह करा दिया जायेगा। शेष रजिस्ट्री माह के अंत तक कराने का आश्वासन दिया गया।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच 4, सेक्टर-108 के आवंटी मैसर्स डिवाइन इंडिया इंफ्रा स्ट्रक्चर प्रालि के प्रमोटर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल स्वीकृत 35 रजिस्ट्री में से 17 रजिस्ट्री अवशेष बची हैं। इनका रजिस्ट्रेशन माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया है।

ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-12/ए, ईकोसिटी सेक्टर-75 के आवंटी मैसर्स ऐपेक्स ड्रीम होम्स प्रालि के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया।

कुल स्वीकृत 154 रजिस्ट्री में से 20 रजिस्ट्री माह के अन्त तक कराने का आश्वासन दिया गया। अन्य बायर्स को भी नोटिस देकर रजिस्ट्री कराने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बिल्डर्स को यह भी आश्वासन दिया गया कि यदि रजिस्ट्री कराने हेतु बिल्डर परियोजना के कैंपस में अथवा इंदिरा गांधी कला केन्द्र, सेक्टर-6, नोएडा में रजिस्ट्री कैंप भी लगाने की आवश्यकता होगी तो लगाया जाएगा।

# सेंट्रल नोएडा मे बदमाशों ने महिला से चेन लूटी

## दो बार स्कूटी में टक्कर मारी, लोगों के दौड़ने पर गाड़ी छोड़कर दीवार फांदकर भागे

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। स्कूटी सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला से चेन लूट का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर अन्य लोग इकट्ठा हो गए और बदमाश मौके पर स्कूटी को छोड़कर फरार हो गए। इस दौरान महिला की आधी चेन टूटकर गिर गई, जबकि आधी को बदमाश लेकर फरार हो गए।

सेंट्रल नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में स्टेलर सोसायटी में रहने वाली विंसेंट सुबह के समय अपनी स्कूटी में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रही थीं। जैसे ही वो ओमिकरोंन 3 सेक्टर के पास पहुंची तभी पीछे से स्कूटी सवार दो बदमाश आए और उन्होंने महिला को टक्कर मारने की कोशिश की, लेकिन महिला बच गई।

बदमाशों ने दोबारा से टक्कर मारने की कोशिश की और महिला की चेन लूटने का प्रयास किया, जिस पर महिला ने विरोध किया और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग बदमाशों की तरफ भागने लगे, जिस पर बदमाश घबरा गया और वह महिला की गले की चेन तोड़कर हथियार दिखाकर भगाने लगे, लेकिन आधी चेन महिला के हाथ में ही रह गई, जबकि आधी चेन बदमाश लेकर भागने लगे।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

स्कूटी सवार बदमाशों ने देखा कि चारों तरफ से लोग उनकी तरफ आ रहे हैं, जिस पर उन्होंने स्कूटी को पास ही की दीवार के पास झाड़ी में फेंक दिया और दीवार को कूदकर भाग गए। हालांकि लोगों ने उनके पीछा किया, लेकिन वह नहीं मिले। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। सूरजपुर थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि एक महिला से लूट के प्रयास का मामला सामने आया है। बदमाश स्कूटी को मौके पर छोड़कर फरार हुए हैं। उस स्कूटी की जांच की जा रही है। इसके अलावा आसपास लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है।

### 70 किलो गांजा के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

**7 लाख बताई गई अनुमानित लागत, उड़ीसा से तस्करी कर लाए थे नोएडा**

**नोएडा।** थाना फेस 2 नोएडा पुलिस व नारकोटिक्स सैल ने संयुक्त रूप से अवैध गांजा की तस्करी करने वाले 03 तस्करों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 70 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसकी गांजा की कीमत करीब 7 लाख बताई जा रही है। ये गांजा बाइक से तस्करी कर ले जाया जा रहा था। संयुक्त टीम शुक्रवार रात में गश्त व चैकिंग कर रही थी। इस दौरान गंदा नाला रोड़ शमशाम घाट के पीछे से 2 लोग आते दिखे। पुलिस ने चेकिंग के रोका तो भागने का प्रयास किया। जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। इनकी पहचान इरफान और अलीमुल मलिक हुई। दोनों के पास से 22-22 किलो अवैध गांजा व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल बरामद की गई। पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि ये लोग उड़ीसा से गांजा की तस्करी कर यहां लाए थे और ऑन डिमांड एनसीआर क्षेत्र में बेचते है। दोनों ने बताया कि उनका एक साथी गांजा के साथ जेपी फ्लाई ओवर के पास खड़ा है। इसी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तीसरे तस्कर निताई सरकार को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से 26 किलो नाजायज गांजा एक कट्टा में बरामद किया गया।

# नोएडा में एआई से रिटायर्ड दरोगा से 2 लाख ठगे

## अमेरिका में रह रहे साले के बेटे की निकाली आवाज, वॉयस क्लोनिंग का मामला

**नोएडा।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के सहारे अमेरिका में रह रहे साले के बेटे की हूबहू आवाज निकालकर जालसाज़ ने यूपी पुलिस से रिटायर्ड एसआई के साथ दो लाख रुपए की ठगी कर ली। वाइस क्लोनिंग का यह शहर में दूसरा मामला है। सेक्टर-20 पुलिस ने अज्ञात जालसाज़ के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अमेरिका में नौकरी कर रहे व्यक्ति के रोने की आवाज भी जालसाज़ ने तकनीक के जरिए शिकायतकर्ता को



सुनाई ताकि उसे डराकर पैसे ऐंठे जा सकें। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-20 के बी ब्लॉक में रहने वाले रंजीत सिंह ने बताया कि वह नोएडा में पुलिस विभाग के एसआई पद से रिटायर्ड हैं। रंजीत के साले का बेटा अमेरिका में रहकर नौकरी करता है। बचपन से वह रंजीत के साथ ही रहा था ऐसे में वह रंजीत को पापा बोलता है। पांच अप्रैल को रंजीत के पास अनजान नंबर से एक कॉल आई।

कॉल उसके अमेरिका में नौकरी करने वाले साले के बेटे की थी। बेटे ने कहा कि उसका अमेरिका में एक्सीडेंट हो गया है। उसने एक वकील किया है। इसके लिए उसे दो लाख रुपए की आवश्यकता है। उसने एडवोकेट का खाता नंबर भी दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने संबंधित खाते में दो लाख रुपए की रकम ट्रांसफर कर दी। इसके बाद जब शिकायतकर्ता ने बेटे का हालचाल लेने के लिए उसके दोस्त को फोन किया तो पता चला कि उसके बेटे को कुछ नहीं हुआ है और न ही उसने कॉल की थी। बेटे से बात करने के बाद शिकायतकर्ता को ठगी की जानकारी हुई।

शिकायतकर्ता ने जब दोबारा जालसाज़ के नंबर पर कॉल की तो वह बंद आने लगा। जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा में कार से खींचकर युवक को जमकर पीटा

## सेक्टर-126 का बताया गया वायरल वीडियो, पुलिस कर रही जांच

नोएडा। नोएडा में स्टंट बाजी के बाद मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो सेक्टर-126 सेक्टर के आसपास का बताया जा रहा है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर जांच कर रही है। बता दे इससे पहले भी इस रोड पर कई बार मारपीट के वीडियो वायरल हो चुके है।

ये वीडियो करीब 45 सेकेंड का है। वीडियो में दिख रहा है कि एक कार सड़क किनारे खड़ी है। उसकी ड्राइवर सीट का गेट खुला है। उस गेट पर तीन युवक खड़े है। तीनों अंदर बैठक युवक से बात कर रहे है। कुछ सेकेंड के बाद



तीनों लड़के अंदर बैठे युवक को बाहर खींचने का प्रयास करते है।

पहले कार के अंदर घूसे मारते है। बाहर निकलते ही युवक की तीनों लड़के मिलकर जमकर पिटाई करते है। वहीं पास में खड़ा चौथा लड़का भी युवक को पीटता है। इसके बाद चारो लड़के फरार हो गए।

कुछ सेकेंड बाद कार के पीछे बैठी एक लड़की बाहर आती है और जमीन पर पड़े युवक को उठाती है। ये वीडियो वहां खड़े लोगों ने बताया और पुलिस को टैग किया। बता दे ये एरिया सेक्टर-126 के आसपास एमिटी यूनिवर्सिटी का है।

हालांकि हम इसकी पुष्टि नहीं करते कि ये छात्र एमिटी के है या किसी कंपनी में काम करने युवक। बहरहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस जांच कर रही है। अब तक इस मामले में कोई शिकायत नहीं की गई है।

### नोएडा में हर महीने 4 सेक्टर होंगे गार्बेज फ्री

नोएडा। नोएडा में हर महीने चार सेक्टरों को जीरो गार्बेज सेक्टर बनाने का टारगेट तय किया गया है। इससे पूरे शहर को जीरो गार्बेज सिटी बनाया जाएगा। इसके निर्देश सीईओ ने जन स्वास्थ्य विभाग के साथ एक बैठक में दिए। सीईओ लोकेश एम ने साफ-सफाई को लेकर सख्त रुख अपना रखा है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य मार्ग , फुटपाथ और सर्विस रोड पर विशेष अभियान चलाकर जंगली घास, झाड़ियां की सफाई 10 दिन में पूरी कर ली जाए। अन्यथा ठेकेदार कंपनी पर भारी जुर्माना और उनको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी सफाई कर्मी वर्दी में ही कार्य स्थल पर मौजूद रहेंगे। जो भी अपने ड्यूटी टाइम और वीट एरिया में नहीं मिला उसको सीधा हटा दिया जाएगा। सभी परियोजना अभियंता , अवर अभियंता और स्वास्थ्य निरीक्षक सुबह 7 से दोपहर 2 बजे तक फील्ड पर रहकर सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित कराएंगे। अगर उनके क्षेत्र में कूड़े के ढेर अथवा सफाई में कमी मिली तो उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिन सोसाइटी में बल्क वेस्ट जनरेट निकलता है और अपना कूड़ा , गंदा पानी नालों में डाला जा रहा है उनका सर्वे किया जाए उनको नोटिस जारी किया जाए और कठोर कार्यवाही की जाए। नोएडा में अलग-अलग सेक्टरों में विकेंद्रीय कृत म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट के निपटारे के लिए 40-40 टन क्षमता के 5 प्रोसेसिंग प्लांट का प्रस्ताव तैयार किया जाए। नोएडा के सभी नालों में बार स्क्रीन लगाकर फ्लोटिंग मटेरियल को निकालने का काम किया जाए।

### बीटेक छात्र समेत दो ने की आत्महत्या

नोएडा। शहर में अलग-अलग स्थानों पर बीटेक छात्र समेत दो लोगों ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रायपुर के पीजी और चोटपुर गांव में हुई दोनों घटनाओं में सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। मूल रूप से उत्तराखंड के उधम सिंह नगर निवासी आयुष प्रताप सिंह सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह रायपुर गांव स्थित पीजी में अकेले रहता था। शुक्रवार शाम को पीजी संचालक ने पुलिस को सूचना दी कि आयुष ने काफी देर से अंदर से कमरा बंद कर रखा है। दरवाजा तोड़ने पर कमरे में आयुष का शव पंखे से लटका दिखा। सूचना मिलते ही उसके परिजन नोएडा आ गए हैं। पुलिस पूछताछ में छात्र के दोस्तों ने बताया कि आयुष कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है। कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं चोटपुर कॉलोनी निवासी राजीव (40) ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजीव पत्नी और साले के साथ रहते थे। घटना के समय राजीव की पत्नी और साला किसी काम से बाहर गए थे। कुछ देर बाद जब वह लौटे तो उन्हें राजीव फांसी के फंदे पर लटका दिखे। कोतवाली सेक्टर-63 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कुमार गोवा में नौसेना कर्मियों को करेंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि श्री कुमार रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ओर से पुरस्कार प्रदान करेंगे।

# भाजपा ने सावदी की 'भारत माता की जय' बोलने में झिझक पर उठाया सवाल

एजेंसी

कलबुर्गी। कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी द्वारा पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति के बिना 'भारत माता की जय' बोलने में झिझकने की घटना लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु बन गई है।

कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा ने इस घटना का फायदा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की और खुद को देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के सच्चे चैंपियन के रूप में स्थापित करने की कोशिश की।

विजयेंद्र की टिप्पणियों ने भाजपा की इस कहानी पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस में देशभक्ति के उत्साह की कमी है और वह राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित है।

घटना को इस तरह से प्रस्तुत करके भाजपा ने राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को कांग्रेस की दुविधा या झिझक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की।

इस घटना पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया विशेषकर सोशल मीडिया पर जहां वीडियो वायरल हुआ, ने भी कई लोगों को प्रभावित किया, जिससे घटना का राजनीतिक महत्व और बढ़



गया। घटना के इर्द-गिर्द गहन जांच और बहस ने कर्नाटक में चुनावी चर्चा को आकार देने में देशभक्ति तथा राष्ट्रवाद के मुद्दों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

विजयेंद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा की तुलना में कांग्रेस में देशभक्ति और राष्ट्रवादी उत्साह की कमी है।

उन्होंने निराशा व्यक्त की और 'भारत माता की जय' बोलने में श्री सावदी की झिझक को चित्रित किया। उन्होंने कांग्रेस को एक ऐसी पार्टी के रूप में चित्रित किया जो देशभक्ति की भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित या यहां तक कि झिझकती है।

राज्य भाजपा अध्यक्ष ने तर्क दिया कि यह घटना भाजपा की बेहतर वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे पता चलता है कि अपनी देशभक्ति साबित करने के कांग्रेस के प्रयास इसकी तुलना में निरर्थक हैं।

उन्होंने कहा,यह जानना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निराशाजनक है कि श्री लक्ष्मण सावदी जैसे वरिष्ठ नेता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने कांग्रेस के मंच पर खुलेआम 'भारत माता की जय' का नारा लगाने से हिचकिचाते हैं।

विजयेंद्र ने कहा,क्या यह बहुत दयनीय और खतरनाक नहीं है कि अपनी देशभक्ति व्यक्त करने तथा 'भारत माता' की प्रशंसा करने की कोशिश करने वाला एक कांग्रेस नेता दोषी महसूस करता है और इसलिए पार्टी प्रमुख को नारा लगाने के अपने रुख को स्पष्ट करना चाहता है।

# डेरा प्रमुख हत्याकांड : दो और साजिशकर्ता गिरफ्तार

ऊधम सिंह नगर/नैनीताल। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर स्थित गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता के डेरा प्रमुख हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने शुक्रवार को दो और प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

दोनों को नेपाल बार्डर और हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। ऊधम सिंह नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मंजूनाथ टीसी ने आज रूद्रपुर में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हत्याकांड में शूटर सर्वजीत सिंह के अलावा शातिर अपराधी सतनाम सिंह निवासी कुईया महोलिया, थाना बंडा, रामपुर, उत्तर प्रदेश और सुल्तान सिंह निवासी गदा फार्म, बिलासपुर, जिला रामपुर, उप्र वांछित थे।

तीनों फरार थे। पुलिस टीमों को शुक्रवार को बड़ी सफलता हाथ लगी और सतनाम सिंह और सुल्तान सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। सतनाम सिंह नेपाल भागने की फिराक में था। उसे नेपाल बार्डर से सटे लखीमपुर खीरी के गौरी फंटा से जबकि सुल्तान सिंह को हरियाणा के पिलूखेड़ा से गिरफ्तार किया गया।



मंजूनाथ ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी प्रमुख षड्यंत्रकारी हैं।

सुल्तान सिंह ने हत्या की पूरी साजिश रची। हत्या के लिये शूटरों को पैसे और हथियार मुहैया कराये। आरोपी के शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा से सीधे जुड़ा था। हत्याकांड के बाद आरोपी ने शूटरों को भगाने में पूरी मदद की।

एसएसपी मंजूनाथ ने आगे बताया कि सतनाम सिंह भी सह अभियुक्तों दिलबाग, बलकार परगट सिंह व हरविंदर उर्फ पिंदी के साथ डेरा प्रमुख की हत्या की साजिश में शामिल रहा है। आरोपी ने हत्याकांड को अंजाम तक पहुंचाने के लिये आवास विकास स्थित गुरूद्वारा और दिलबाग के घर पर बैठक कर विस्तृत योजना तैयार की।

सिंह ने बताया कि हत्याकांड बड़ी साजिश का हिस्सा है। हत्याकांड का षड्यंत्र कई महीने पहले बनाया गया। इसके पीछे नामी लोगों का हाथ है। पूरे षड्यंत्र के पीछे तराई के गुरूद्वारों पर वर्चस्व कायम करने की मंशा रही है। पुलिस अभी तक नौ साजिशकर्ताओं को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

मास्टर प्लानरों के खिलाफ साक्ष्य जुटाया जा रहे हैं। उनका भी खुलासा किया जायेगा। साथ ही फरार शूटर सर्वजीत सिंह की भी तलाश जारी है। उसकी गिरफ्तारी के लिये कई टीमें लगी हैं।

## शार्ट न्यूज

### कार के अंदर से 2.85 लाख की नकदी बरामद

नोएडा। स्थिर जांच दल (एसएसटी) और उड़न दस्ते (एफएसटी) की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिवार को चिल्ला बॉर्डर के पास एक कार के अंदर से दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी बरामद कर ली। जिस अर्टिगा कार से नकदी बरामद हुई है उसे बदायूं निवासी इमरान चला रहा था। नकदी संबंधी दस्तावेज न दिखाने पर टीम ने रकम को सीज कर दिया है। एफएसटी टीम-2 के प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि टीमें चिल्ला बॉर्डर के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थीं। दिल्ली के नंबर की अर्टिगा कार उधर से गुजरी। वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर दो लाख 85 हजार रुपए की नकदी मिली। कार के अंदर नीले रंग की लेडीज पर्स में पांच-पांच सौ के 570 नोट रखे हुए थे। कार चालक इमरान से कैश के संबंध में कागजात दिखाने को कहा गया पर वह नहीं दिखा सका। कोई अन्य ऐसा साक्ष्य भी कार चालक द्वारा नहीं मुहैया कराया गया जिससे इसकी पुष्टि हो सके कि कैश उसी का है। ऐसे में टीमों ने कैश को सीज करते हुए दनकौर के जीडी में अग्रिम कार्रवाई के लिए दाखिल कराया है। लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी काली कमाई को न खपा सके इसके लिए चुनाव आयोग की कैश पर सख्त निगरानी है। पुलिस कमिश्नर और जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में एसएसटी और एफएसटी की टीमें जनपद के सभी जगहों पर सक्रिय हैं।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में 16वां डिग्री वितरण-पुरस्कार समारोह का आयोजन

गाजियाबाद। गाजियाबाद के ए. बी.ई.एस इंजीनियरिंग कॉलेज में 16वा डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में साल 2022-23 में पास हुए बीटेक एमटेक एमसीए और एमबीए के 1239 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसी के साथ 65 अन्य मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर तरुण कुमार अरोड़ा ने बताया की समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी पांडे कुलपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और विशिष्ट अतिथि डॉक्टर आलोक जैन वैज्ञानिक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन रक्षा मंत्रालय भारत द्वारा किया गया। इस दौरान एबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर डीके शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर जेपी पांडे ने कहा कि यह समारोह हमें विद्यार्थियों को उनके द्वारा किए गए कठिन परीक्षा में एवं सफलता को सम्मानित करने का मंच प्रदान करता है। साथ ही यह भी समझना चाहिए कि वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सन 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की सर्वोत्तम अर्थव्यवस्था बनने में सभी युवाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

### गाजियाबाद में झुग्गियों में भीषण आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम के मकनपुर क्षेत्र में बसी झुग्गियों में भीषण आग लग गई। आग किन कारणों से लगी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। लेकिन आग के चलते झुग्गियों में रखे सिलेंडर और पेट्रोमैक्स भी फटे जिनकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी गई। आग इतनी भीषण लगी है कि गौतमबुधनगर से भी दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ी है। गाजियाबाद में दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल ने बताया की वैशाली फायर स्टेशन को सूचना मिली कि थाना इंदिरापुरम के मकनपुर में बनी झुग्गियों में आग लग गई है। यहां तकरीबन 100 झुग्गियां है। जिनमें से 25 से 30 से झुग्गियां जलकर राख हो गई हैं। साथ ही झुग्गियों में रखे सिलेंडर और पेट्रोमैक्स भी फटे हैं। हालांकि गनीमत यह रही है कि किसी तरह की जान की हानि नहीं हुई है। सबको पूर्ण रूप से रेस्क्यू कर लिया गया है। आग इतनी भीषण थी कि 10 दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हुई है। गौतमबुद्धनगर से भी दमकल की गाड़ी बुलाई गई है। गाजियाबाद के वैशाली फायर स्टेशन से पांच गाड़ियां भेजी गई साहिबाबाद फायर स्टेशन से दो और कोतवाली फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मंगवाई गई है। दो तरफ से होज लाइन फैलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। बची हुई झुग्गियों मे रखे सिलेंडर बाहर निकाल लिए गए हैं।

### गाजियाबाद में घर के बाहर रखी टाइल्स-टूटने को लेकर बवाल : गाड़ी में तोड़फोड़, 2 घायल

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में कार सवार को टोकना एक युवक को भारी पड़ गया। पीड़ित युवक का घर बन रहा है और उसके घर के बाहर टाइल्स रखी थी। लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए एक शख्स ने टाइल्स तोड़ दी। परिवार ने जब इस पर आपत्ति जताई तो उसके बाद आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित पर हमला बोल दिया। पीड़ित की गाड़ी तोड़ दी और गाड़ी में बैठे दो लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा लिखकर दो लोगों को हिरासत में लिया है। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी के खुशहाल पार्क के रहने वाले खालिद ने बताया की एक पोलो कार में सवार तीन व्यक्ति शौकत, परवेज और कुर्बान उनके घर के बाहर से गुजर रहे थे। इसी दौरान उसके घर के बाहर रखी टाइल्स उनकी गाड़ी से टूट गई। इस पर आपत्ति करने पर उसकी माता के साथ तीनों ने दुर्व्यवहार किया। स्थानीय लोगों ने तीनों को समझा बूझकर भेज दिया। कुछ देर बाद जब खालिद अपने दोस्त गुड्डू के साथ अपनी स्कॉर्पियो कार में जा रहा था तो इस दौरान इन तीनों ने उसकी कार को घेर लिया और कार तोड़नी शुरू कर दी। इन दोनों को जबरदस्ती बाहर निकलने क का प्रयास किया गया। बाहर न निकलने पर कार के अंदर ही इन्हें पीटा गया। जिससे यह दोनों घायल हो गए हैं।

### गाजियाबाद में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ है। वहीं दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए बदमाश पर पुलिस के मुताबिक 15 मुकदमे हैं। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने दिल्ली से चोरी हुई मोटरसाइकिल नगदी तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। गाजियाबाद में एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि अपराधिक घटनाओं को रोकने और चुनाव के मध्य नजर पुलिस थाना शालीमार गार्डन के राजेंद्र नगर सेक्टर 3 में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिनको रोकने का इशारा किया तो वह बाइक घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने भी उनका पीछा किया। पुलिस को पीछा आते देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाई फायरिंग में एक बदमाश घायल हुआ है। वही दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश से जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम फैजल उर्फ मेंटल बताया। घायल बदमाश गाजियाबाद का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक फैजल पर दिल्ली और गाजियाबाद में डेढ़ दर्जन मुकदमे कायम है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक तमंचा कारतूस दिल्ली से चोरी की गई मोटरसाइकिल और नगदी बरामद की है। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी है।

### सैनिक की पत्नी से मोबाइल और नकदी लूटी

मोदीनगर। मोदीनगर क्षेत्र में बदमाशों के हौंसले बुलन्द है। बाइक सवार दो बदमाशों ने दोपहर बच्चों को स्कूल लेने गई सैनिक की पत्नी से मोबाइल और नकदी लूट ली। महिला ने शोर मचाया, तब तक आरोपी फरार हो गए। निवाड़ी मार्ग स्थित आरएन एंक्लेव निवासी रेखा ने बताया कि उनके पति सेना में तैनात है। दोपहर एक बजे के आसपास रेखा बच्चों को स्कूल से लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान दो बाइक सवारों ने रेखा से पर्स लूट लिया। पर्स में मोबाइल,पांच सौ रूपये की नकदी और घर की चाबी थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रेखा को धक्का देकर फरार हो गए। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि तहरीर प्राप्त कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। बतादें कि बीते बुधवार को नगर के महेश मार्ग से कूरियर देने के बहाने बाइक सवार बदमाश युवती से मोबाइल लूट ले गए थे। इसी दिन कस्बा निवाड़ी में बदमाशों ने विवाहिता को बंधक बनाकर लाखों के गहने और नकदी लूट ली थी। पुलिस अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

# सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मुकदमे में अपनी गिरफ्तारी और हिरासत को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष श्री केजरीवाल की याचिका 15 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। कावेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने एक अप्रैल को उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया था।

उच्च न्यायालय से अपनी याचिका खारिज होने के 10 अप्रैल को उन्होने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने तब श्री केजरीवाल का पक्ष रखते हुए उनकी याचिका को अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया था और उस पर शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित मामले पर शीघ्र सुनवाई करने पर विचार करने का उन्हें आश्वासन दिया था।

उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल पीठ ने नौ अप्रैल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार करने और उस केंद्रीय जांच जांच एजेंसी को हिरासत में देने के विशेष अदालत के फैसले को उचित ठहराते हुए याचिका (मुख्यमंत्री केजरीवाल की) खारिज कर दी थी। एकल पीठ ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी और हिरासत के मामले में हस्तक्षेप करने से साफ तौर पर इनकार कर दिया था। उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने कहा था कि ईडी की ओर से अदालत



के समक्ष पेश दस्तावेजों से प्रथम दृष्ट्या पता चलता है कि आरोपी केजरीवाल उक्त आबकारी नीति को तैयार करने की साजिश शामिल थे। उन्होंने (आरोपी) उस अपराध से प्राप्त आय का इस्तेमाल किया। एकल पीठ ने यह भी कहा था कि वह (केजरीवाल) व्यक्तिगत तौर पर उस नीति को बनाने और रिश्वत मांगने में भी कथित तौर पर शामिल थे।

उच्च न्यायालय ने इससे पहले तीन अप्रैल को दोनों पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए केंद्रीय एजेंसी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि यह (उनकी गिरफ्तारी) लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और समान अवसर सहित संविधान की मूल संरचना का उल्लंघन करता है। इसलिए उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाना चाहिए। ईडी ने केजरीवाल पर दिल्ली अबकारी नीति के माध्यम से गलत तरीके से करोड़ों रुपए हासिल करने और इस में मुख्य भूमिका निभाने वाला साजिशकर्ता होने का आरोप लगाया है।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 17 अगस्त 2022 को अबकारी नीति बनाने और उसके कार्यान्वयन में की गई कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक आपराधिक मुकदमा दर्ज किया था। इसी आधार पर ईडी ने 22 अगस्त 2022 को धनशोध का मामला दर्ज किया था।

ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं - दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसौदिया, राज्य सभा सांसद संजय सिंह सहित अन्य ने अवैध कमाई के लिए 'साजिश' रची थी।

इस मामले के आरोपियों में शामिल भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विशेष अदालत की अनुमति के बाद तिहाड़ जेल (न्यायिक हिरासत के दौरान) में पूछताछ के बाद गुरुवार को गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने शुक्रवार 12 अप्रैल को उन्हें तीन दिनों की सीबीआई की हिरासत में (15 अप्रैल तक) भेजने का आदेश पारित किया था। सीबीआई ने पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को हैदराबाद स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई की हिरासत से पहले वह विशेष अदालत के आदेश तिहाड़ जेल में बंद थीं।

गौरतलब है कि इस मामले में आप सांसद सिंह को उच्चतम न्यायालय ने दो अप्रैल को राहत दी। शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत की अनुमति के साथ ही संबंधित विशेष अदालत को जमानत की शर्ते तय करने का भी निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत के इस आदेश के मद्देनजर राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बाबेजा की विशेष अदालत ने तीन अप्रैल को उन्हें सशर्त तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश पारित किया और उसी दिन रात में उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया था।

# केजरीवाल को प्रताड़ित व अपमानित कर रहे मोदी : संजय

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि दिल्लीवालों के चहेते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार ने जेल में प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है।

सिंह ने केजरीवाल को जेल में मिले अधिकारों मे कटौती करने को लेकर शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि तीन बार प्रचंड बहुमत से निर्वाचित और दिल्ली के दो करोड़ लोगों के मुख्यमंत्री के साथ केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर प्रताड़ना की कार्रवाई की जा रही है। उनका मनोबल तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है।

जेल में जो न्यूनतम अधिकार और सुविधा मिलती है, उसको भी खुलेआम छीनने का प्रयास किया जा रहा है। जो काम तिहाड़ जेल के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा वह



प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में हो रहा है। उन्होंने कहा कि जेल का नियम 602 और 605 यह कहता है कि किसी की भी मुलाकात आमने-सामने कराई जा सकती है और यह अधिकार जेल प्रशासन को होता है।

जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की पत्नी और परिवार चिंतित और परेशान हैं। उनके माता-पिता बीमार हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल का हाल-चाल जानने के लिए जब सुनीता केजरीवाल आवेदन करती हैं तो उनको कहा जाता है कि आप आमने-सामने मुलाकात नहीं कर सकते हैं। आप किसी कमरे में बैठकर मुलाकात नहीं कर सकते हैं। आपको कांच की दीवार के आरपार बैठकर मुलाकात करनी होगी। तिहाड़ जेल का इतिहास उठाकर देख लीजिए कि लोगों की फेस टू फेस बैठकर मुलाकात कराई जाती है लेकिन दिल्ली के मुख्यमंत्री को अपमानित करने और उनका मनोबल को तोड़ने के उद्देश्य से कहा जाता है कि कांच के दीवार में मुलाकात होगी।

आप नेता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल उस शख्स का नाम है, जिसने आईआरएस की नौकरी को लात मारकर देश सेवा का संकल्प लिया था। जिसने सिद्धांतों की बात आई तो 49 दिन की सरकार में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का काम किया और जेल में उस इंसान के साथ इस तरह का सलूक हो रहा है।

### दिल्ली में मिलती रहेंगी मुफ्त सुविधाए

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली सरकार की कोई भी सब्सिडी योजना बंद नहीं होगी। लोगों को ऐसी अफवाहों और राजनीतिक लाभ पाने के उद्देश्य से दिए जा रहे बयानों से बचना चाहिए। योजनाएं भारत सरकार और उपराज्यपाल की ओर से अनुमोदित बजट का हिस्सा हैं। ये किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल की नहीं हैं। वहीं, एलजी के स्पष्टीकरण के बाद दिल्ली सरकार ने अपनी पीठ थपथपाते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जीत है। उपराज्यपाल ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत किसी व्यक्ति के जेल जाने से सरकार की किसी योजना पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विशेष पार्टी के सदस्यों और सरकार की मंत्री जानबूझकर झूठे व भ्रामक बयान दे रहे हैं। गरीबों को लाभ पहुंचाने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

# अब मूत्र जांच से हो सकेगी सर्वाइकल कैंसर की पहचान

नई दिल्ली। सर्वाइकल कैंसर की पहचान आने वाले दिनों में मूत्र जांच से भी हो सकेगी। इस जांच के लिए एम्स में शोध चल रहा है। डॉ. ज्योति इस दिशा में काम कर रही है। उम्मीद है कि इस तकनीक भी जल्द जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। फिलहाल सर्वाइकल कैंसर के लिए स्वदेशी जांच किट तैयार है।

आईसीएमआर, राष्ट्रीय प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय कैंसर रोकथाम एवं अनुसंधान संस्थान ने इसे विकसित किया है।

शुक्रवार को एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने एम्स में इस किट के परीक्षण की शुरूआत की। एम्स सहित देश के तीन केंद्रों पर इसकी जांच होगी। किट की सटीकता जांचने के लिए 1200 सैंपल मिले हैं। अगले तीन महीनों तक स्वदेशी किट पर इन सैंपलों की जांच ग्रुप बनाकर की जाएगी। देखा जाएगा कि इसके परिणाम कितने बेहतर हैं।

एम्स के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ. नीरजा भाटला ने बताया कि मौजूदा समय में उपलब्ध जांच से टेस्ट करने में पूरे दिन का समय लग जाता है। यह महंगा होने के साथ प्रमुख जगहों पर ही उपलब्ध है।

ऐसे में इसकी मदद से सभी महिलाओं की जांच संभव नहीं है। इसी को देखते हुए स्वदेशी किट तैयार की गई है। यह सस्ती होने के साथ आसानी से सुलभ होगी। इस किट की सटीकता की जांच के लिए अलग तीन माह तक अध्ययन किया जाएगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि परिणाम बेहतर आएंगे। शोध पूरा होने के बाद इसे पूरे देश में उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इसकी मदद से कोविड की तरह बड़े स्तर पर सभी महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की जांच हो सकेगी। इस किट को विश्वस्तरीय मानकों के आधार पर तैयार किया गया है।

# अगले हफ्ते जारी होगा पीजी दाखिले के लिए शेड्यूल

नई दिल्ली। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में स्नातकोत्तर प्रोग्राम (पीजी) में दाखिले के लिए सीयूईटी पीजी (कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट) का रिजल्ट घोषित होने के बाद अब डीयू में पीजी दाखिले की तैयारी शुरू हो गई है। डीयू दाखिला शाखा की ओर से अगले सप्ताह दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। दाखिला प्रक्रिया अप्रैल के अंत से शुरू होगी।

इस बार दाखिला प्रक्रिया में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। बीते साल की तरह सीट का आंवटन कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) के माध्यम से किया जाएगा।

डीयू पीजी दाखिले से जुड़े अधिकारी के अनुसार, सीयूईटी पीजी का रिजल्ट जारी होते ही हमने पीजी दाखिले की तैयारी शुरू कर दी है। चूंकि रिजल्ट जारी नहीं होने तक प्रक्रिया को शुरू नहीं किया जा सकता था, इसलिए प्रशासन रिजल्ट का इंतजार कर रहा था। अब प्रशासन अगले सप्ताह तक दाखिला प्रक्रिया और शेड्यूल की घोषणा कर देगा। अभी प्रशासन की तैयारी अप्रैल के अंत तक प्रक्रिया को शुरू कर देने की है।

मालूम हो कि एनटीए की ओर से आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी के लिए परीक्षा 11 मार्च से 28 मार्च तक हुई थी। अब जब दाखिला प्रक्रिया शुरू हो जाएगी तब डीयू दाखिला पोर्टल पर कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (पीजी) के लिए भी पंजीकरण कराना होगा।

प्रशासन का प्रयास है कि पंजीकरण व दाखिला प्रक्रिया के दौरान छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

प्रक्रिया के तहत छात्रों को पंजीकरण, सीट आवंटन व सीएसएएस के माध्यम से दाखिले के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। नियमित कॉलेजों की तरह डीयू के नॉन कॉलिजिऐयट वूमेंस एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) में भी स्नातकोत्तर प्रोग्राम में दाखिले सीयूईटी स्कोर के आधार पर होंगे।

# बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को उनकी 133 जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धासुमन अर्पित किए






नई दिल्ली। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के 2019 में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज बरवाला में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती की पूर्व संध्या पर कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि बाबा साहब का संविधान विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान हैं। कुछ निहित स्वार्थों लोगों, वर्ग विशेष तथा कई राजनीतिक दलों द्वारा उनके चित्र का दुरुपयोग हो रहा है। वे हर समय अपने फायदे के लिए एक ही राग अलापते रहते हैं कि संविधान खतरे में है, लोकतंत्र खतरे में है। जबकि 140करोड देशवासियों को पता है कि बाबा साहेब का संविधान और भारत का लोकतंत्र दोनों ही पूरी तरह सुरक्षित हैं। वत्स ने कहा कि बाबा साहेब समतामूलक समाज चाहते थे। लेकिन कुछ परिवारवादी, अराजक, राजनीतिक पार्टियों अपने वोट बटोरने के चक्कर में समाज को उसकी मुख्य धारा से बांटने के कुत्सित प्रयास कर रही हैं। लेकिन बाबा साहेब के चाहने वाले उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देंगे। बाबा साहब अत्यंत बुद्धिमान और दूरदर्शी थे। उनका सपना था जाति विहीन समाज की स्थापना जिसमें सभी लोग समानता के साथ आदर और सम्मान से अपना जीवन यापन कर सकें। उनका कहना था कि शोषित,दलित, वंचित और कमजोर वर्ग के लोग शिक्षित बनें, संगठित रहें और संघर्ष करें। तभी देश में समता मूलक समाज का निर्माण होगा। लेकिन यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि कुछ समाज विरोधी तत्वों को बाबा साहब की बात समझ नहीं आ रही है और वह अपने स्वार्थों के कारण देश की आजादी के 77 सालों बाद भी देश में जाति, धर्म और भाषा के नाम पर विद्वेष फैला रहे हैं। वत्स ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर और उनका लिखा संविधान भारत के 140करोड भारतवासियों की आन, बान और शान हैं।

> ▶ बाबा साहब भारत के 140करोड लोगों की आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु हैं। बाबा साहब को किसी जाति, वर्ग विशेष, राजनीतिक पार्टियों तक सीमित करना उचित नहीं : शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय

# इग्नू में आठवें युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में आठवें युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन इग्नू ,अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना एवं माधव संस्कृति न्यास संयुक्त रूप से 13 और 14 अप्रैल को कर रहे हैं। संगोष्ठी का मुख्य विषय है, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) में भारतीय ज्ञान-प्रणाली एवं इतिहास लेखन तथा इतिहास दर्शन। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुएराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहसरकार्यवाहश्री अरुण कुमार ने कहा कि विदेशी आक्रमणों के कारण भारत की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रहार हुए।उन्होंने मूल ऐतिहासिक स्त्रोतों के अध्ययन पर



जोर दिया ताकि भारत का वास्तविक इतिहास सामने आ सके।युवा इतिहासकारों को प्रेरित करते हुए उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व एवं मौलिक चिंतन का आह्वान किया।सत्र की अध्यक्षता इग्नू के कुलपति प्रोफेसर नागेश्वर राव ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने भी मौलिक शोध एवं मौलिक चिंतन के द्वारा भारत के इतिहास अध्ययन पर बल दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के विशाल समुदाय तक पहुँच रखने वाले विश्वविद्यालय के रूप में इग्नू इस कार्य के लिए प्रतिबद्ध है। इनके अतिरिक्त,उद्घाटन सत्र को प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना;डॉ. चमू कृष्ण शास्त्री, अध्यक्ष, भारतीय भाषा समिति; एवं डॉ. सारंगदेवोत, कुलपति, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ ने भी संबोधित किया। इग्नू के कुलसचिव प्रो. आलोक चौबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी के प्रथम दिन उद्घाटन सत्रके अलावा चार शोध पत्र प्रस्तुति सत्रों का भी आयोजन हुआ जिसमें मुख्य विषय के विभिन्न आयामों पर आधारित लगभग 50 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए एवं उनपर गहन विचार-विमर्श हुआ।

इनके अतिरिक्त एक विशेष सत्र का भी आयोजन हुआ जिसे प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा; अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना; एवं डॉ. सुरेश पाण्डेय ने संबोधित किया।

# लूटपाट का विरोध करने पर युवक को चाकू से गोदा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। अमन विहार इलाके में लूटपाट का विरोध करने पर युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त ललित के रूप में हुई है। सीसीटीवी कैमरे और तकनीकी जांच की मदद से पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के एक नाबालिग सहयोगी को भी पकड़ा है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 अप्रैल की रात 10.07 बजे अमन विहार इलाके में एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पता चला कि घायल ललित कुमार उर्फ छोटू (28) को संजय गांधी अस्पताल लेकर गए हैं, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। स्पेशल स्टाफ के साथ-साथ अमन विहार थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के करीब डेढ़ सौ से दो सौ सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया।

फुटेज में दिख रहे एक बदमाश की पहचान अमन विहार निवासी रियाज अहमद उर्फ शाहरुख के रूप में हुई। उसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## संपादकीय

# अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ हो कार्रवाई

शराब उत्पादन और बिक्री का व्यापार एक बड़ा और लाभकारी व्यापार है, लेकिन कुछ लोग इसे नियमों का पालन किए बिना और अवैध रूप से शराब उत्पादित करके अपना लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। इस अवैध शराब उत्पादन के व्यापार में सहयोगी भी होते हैं, जो इस अपराधिक गतिविधि में शामिल होकर इसे बढ़ावा देते हैं।

शराब उत्पादन के कानूनी तौर पर नियमों की उल्लंघना अवैध शराब उत्पादन के रूप में जाना जाता है। यह गैरकानूनी गतिविधि होती है जिसमें शराब के निर्माता नियमों का पालन नहीं करते हैं और असुरक्षित या अवैध तरीके से उसे उत्पादित करते हैं। यह शराब सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ाता है और समाज को नुकसान पहुंचाता है।

### अवैध शराब उत्पादन के बाहरी प्रभाव

**स्वास्थ्य जोखिम :** अवैध शराब में आमतौर पर अनुमोदित केमिकल्स का उपयोग नहीं होता है, जिससे यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। इसमें नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभाव जैसे कि मौत, निर्ममता, गंभीर बीमारियाँ और अन्य समस्याएं हो सकती हैं।

**आर्थिक नुकसान :** अवैध शराब उत्पादन से सरकार को आर्थिक नुकसान होता है, क्योंकि यह बिना किसी कानूनी शुल्क या टैक्स के बिक्री होता है। इससे शारीरिक और सामाजिक संरक्षण के लिए आवश्यक सुविधाओं को भी प्रभावित किया जाता है।

**सामाजिक असुरक्षा :** अवैध शराब उत्पादन सामाजिक असुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है। इसके उपभोक्ताओं को असुरक्षित और अस्थायी विकल्पों का सामना करना पड़ सकता है, जो उनके परिवार और समाज को भी प्रभावित कर सकता है।

### अवैध शराब उत्पादन के कारण

**लाभ की भूख :** अवैध शराब उत्पादन के पीछे लोगों की लाभ की भूख होती है। वे कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं करना चाहते और अपने लाभ के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

**नियमों की अवहेलना :** कुछ लोग नियमों की अवहेलना करते हैं और कानून की पालना नहीं करते, जिससे वे अवैध शराब उत्पादन के रास्ते चुनते हैं।

**आर्थिक मदद :** कई बार, आर्थिक मदद की अभाव में लोग अवैध शराब उत्पादन के मार्ग का सहारा लेते हैं। यह उनके आर्थिक स्थिति को सुधारने का एक माध्यम बन जाता है, हालांकि यह एक असामाजिक और अवैध गतिविधि है। अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई का महत्व बहुत है ताकि समाज में न्याय और कानून की स्थिति बनाए रखा जा सके।

**कानूनी नियमों का पालन :** अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई करने से कानूनी नियमों का पालन होता है, जिससे समाज के साथ-साथ आर्थिक और स्वास्थ्य तंत्र को भी सुरक्षित बनाए रखा जा सकता है।

**जागरूकता फैलाना :** अवैध शराब उत्पादन के खिलाफ कार्रवाई से सामाजिक जागरूकता फैलती है और लोगों को इस अपराधिक गतिविधि के खतरों के बारे में जागरूक करती है।

# जासूसी साफ्टवेयर के जरिए फोन में सेंधमारी

साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी।

अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें।

यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था।

इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है।

हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। मगर कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह बड़ी चुनौती बन चुका है।

एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं।

एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें अब फिर से लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी।

करीब तीन साल पहले भारत में जब पेगासस के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, तब खासा बवाल मचा था। सर्वोच्च न्यायालय में कई अपीलें दायर की गई थीं। यह साफ्टवेयर इजराइल की सरकार बेचती है और उसका कहना है कि वह इसे किसी स्वतंत्र व्यक्ति या कंपनी को नहीं बेचती, बल्कि सरकारों को देती है। इसलिए भी यह मामला ज्यादा गंभीर बन गया था।

साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी।

यह साफ्टवेयर दरअसल एक प्रकार का गुप्त भेदिया है, जो ग्राहक की नजरों से ओझल रह कर उसके फोन के जरिए उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता है।

इस साफ्टवेयर को चुपके से किसी के भी फोन में डाला जा सकता है और फिर उस फोन के कैमरे, माइक वगैरह को अपने ढंग से संचालित किया जा सकता है। एप्पल के दावों को दरकिनार करना मुश्किल है। इस तरह सेंधमारी हो रही है, तो यह लोगों की निजता पर बड़ा आघात है। इस पर सरकार को गंभीरता से पहल करनी चाहिए।

14 अप्रैल जयन्ती पर विशेष

# महिला सशक्तिकरण के हिमायती थे डा.आम्बेडकर



रमेश सर्राफ धमोरा

हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था।

बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवत: पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण



आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरुआत ही 'शिक्षित करो' से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है।

जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.आम्बेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे।

बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था।

डा.आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया। 6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसें पहले हकदार थे। आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। आम्बेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। हर वर्ष 14 अप्रैल व 6 दिसम्बर को मुम्बई स्थित उनके स्मारक पर हर साल काफी लोग उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आते हैं। बाबा साहब ने शिक्षित बनों, संगठित रहो तथा संघर्ष करो का नारा दिया था। शिक्षित बनने का अर्थ है कि हमारे ज्ञान के द्वार खुलते हैं और संगठित रहो का मतलब शक्ति प्राप्त करना हैं।

# माता का छठा भव्य, विराट स्वरूप मां कात्यायनी।

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती (शक्ति) के नौ रूपों में छठवें रूप में अबतरित हुई है। यह अमर कोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी,काली, हैमावती, ईश्वरी इन्हीं के अन्य पवित्र नाम भी उल्लेखित हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी उच्चारित किया जाता है। यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरण्यक में उनका उल्लेख प्रथमत: किया है।

स्कंद पुराण में उल्लेख है कि वे परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थी, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दिए गये सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया था। वे शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतांजलि के महाभाष्य में किया गया है, जिसे दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में लिखी गयी थी। उनका वर्णन देवी-भागवत पुराण,और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है जिसे 400 से 500 ईसा में लिपि बद्ध किया गया था। बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों,

विशेष रूप से कालिका-पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परंपरागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्रि उत्सव के षष्ठी में उनकी पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन %आज्ञा% चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक माँ कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से माँ के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।माँ का नाम कात्यायनी कैसे पड़ा इसकी भी एक कथा है- कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए थे। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षों तक बड़ी कठिन तपस्या की थी। उनकी इच्छा थी माँ भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। माँ भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली।

कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों ने अपने-अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया।

महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की। इसी के फलस्वरुप यह कात्यायनी कहलाईं।ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के वहाँ पुत्री रूप में उत्पन्न हुई थीं।

आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।माँ कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पतिरूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालिन्दी-यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं।माँ कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत तेजस्वी और भास्वर है। इनकी चार भुजाएँ हैं। माता जी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वरमुद्रा में है।

## तेरे गुस्से का तेरा कहर हमें पसंद आया

तेरे गुस्से का यह कहर हमें पसंद आया,
दुश्मनी का मीठा जहर हमें पसन्द आया।।

अभी हो कमसिन ,रंजिश करने की नहीं उम्र,
गुस्से तेरा मेरी नज़र हमें पसंद आया।

परायों की तिरछी नजरो से न देखो,
तेरा कातिलाना कहर हमें पसंद आया।

आते हो सुलह के लिए हर शाम,
खफा होना हर दोपहर हमें पसंद आया।

दुश्मनी का अंदाज भी बेहद हसीन है,
ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।

खुदा ने तुम्हे सारी नफासत है बक्शी,
बिजली सा ढाना कहर हमे पसंद आया।

कसम खाती हो ना दिखने की,
कसम तोड़कर आना नजर,हमे पंसन्द आया



संजीव ठाकुर
रायपुर

# लोकसभा प्रथम चरण चुनाव 2024-लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार !



उई बाबा ! प्रथम चरण के 102 सीटों पर उम्मीदवारों के अपराधिक, गंभीर आपराधिक वह करोड़पति वित्तीय स्थिति का हैरानी भरा आंकलन आया !

19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण के 102 सीटों में 41 फ़ीसदी यानें 42 सीटें रेडअलर्ट निर्वाचन क्षेत्र है,जिसको रेखांकित करना समय की मांग-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर लोकतंत्र के सबसे बड़े विशाल मंदिर लोकसभा में अपनी आवाज़ बुलंद करने के लिए अपने प्रतिनिधियों का को चयन करनें का महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण के मतदान की तिथि 19 अप्रैल 2024 में अभी मात्र 5 दिन बचे हैं,परंतु अभी उतना उत्साह या जोश नहीं दिख रहा है,परंतु अब आखिरी चार दिनों में चुनाव प्रचार के जोर पकड़ने की पूरी उम्मीद है।मेरा मानना है कि अभी मतदाता पहले की अपेक्षा बहुत अधिकजागरूक हो गए हैं।भारतीय लोकतंत्र में हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने का हक है। बशर्ते वह भारत का नागरिक होना चाहिए। ऐसी उम्मीद की जाती है कि चुनाव में स्वच्छ छवि के लोग आगे आएं ताकि सरकार की बागडोर ईमानदार व्यक्तियों के हाथों में रहे लेकिन हम देखते हैं कि कई नेता ऐसे भी होते हैं जिनके खिलाफ कई प्रकार के मुकदमे दर्ज होते हैं। सामान्य तौर पर कुछ मुकदमे तो द्वैषतावश या किसी परिस्थिति के कारण दर्ज हो सकते हैं।लेकिन अगर किसी के खिलाफ गंभीर प्रकृति के मुकदमे दर्ज हो तो यह चिंता का विषय है। हमारे देश में कई ऐसे नेता हुए हैं जो न सिर्फ चुनाव जीतने के बाद बल्कि मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने के बाद जेल तक पहुंचे हैं। बता दें कई उम्मीदवार जाकर मतदाता के सामने कितनी भी बीन क्यों ना बजा लें, या हरे गुलाबी देकर आए, परंतु आज मतदाता अपने विवेक का उपयोग करता है जिसे जागृत करने में,द एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) तथा नेशनल इलेक्शन वॉच ने आम भूमिका अदा करने की कोशिश की है,क्योंकिएडीआर व एनएडब्लू ने लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में चुनाव लड़ रहे 102 सीटों के 1625 उम्मीदवारों में से 1618 उम्मीदवारों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया है,जिसको हर एंगल से उम्मीदवारों, राजनीतिक पार्टियों का भी आंकलन किया है। बता दें कि चुनाव लड़ते समय खुद प्रत्याशियों द्वारा अपने ऊपर लगे आपराधिक प्रकरणों का उल्लेख किया जाता है,चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन पत्रों के साथ शपथ पत्र जमा कराया। इन शपथ पत्रों में सभी तरह की जानकारियां दी गई है। प्रत्याशियों के खिलाफ दर्ज आपराधिक प्रकरण और उनकी स्थिति का पूरा ब्यौरा भी स्वयं प्रत्याशियों की ओर से दिया गया है, जिसका विश्लेषण एडीआर ने किया है।जिसमें हैरानी वाली बात यह है कि, लोकसभा चुनाव में पहले चरण में जिन 102 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा उनमें से 42 सीट यानी 41 फीसद रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं। एडीआर के मुताबिक रेड अलर्ट निर्वाचन क्षेत्र का अभिप्राय उन सीट से हैं जहां से किस्मत आजमा रहे तीन या उससे अधिक उम्मीदवारों ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। विश्लेषण के मुताबिक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा इस चरण के लिए मैदान में उतारे गए सभी चारों उम्मीदवारों केखिलाफ आपराधिक मामला दर्ज है।तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के 22 उम्मीदवारों में से 13 (59 फीसद), समाजवादी पार्टी के घोषित सात उम्मीदवारों में तीन पर (43 फीसद),तृणमूल कांग्रेस के घोषित पांच उम्मीदवारों में दो (40 फीसद), भाजपा द्वारा घोषित 77 उम्मीदवारों में से 28 (36 फीसद), कांग्रेस द्वारा घोषित 56 उम्मीदवारों में से 19 (34 फीसद) पर आपराधिक मामला दर्ज है। इसी प्रकार आल इंडिया अन्ना द्रविड मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की ओर से मैदान में उतारे गए 36 उम्मीदवारों में से 13 (36 फीसद)और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) द्वारा घोषित 86 उम्मीदवारों में से 11 (13 फीसयद) दागी हैं। चूंकि 19 अप्रैल 2024 को होने वाले प्रथम चरण के 102 सीटों में 41फ़ीसदी यानें 42 सीटें रेडअलर्ट निर्वाचन क्षेत्र हैं जिनको रेखांकित करना समय की मांग है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे लोकतंत्र का मंदिर बनाम 41 फ़ीसदी सीटों पर दागी उम्मीदवार!

साथियों बात अगर हम एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा उम्मीदवारों के हलफनामों के विश्लेषण की करें तो, दोनों नें चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण के लिए मैदान में दावेदारी पेश कर रहे कुल 252 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें सात उम्मीदवारों पर हत्या और 19 पर हत्या के प्रयास के आरोप शामिल हैं, इन आंकड़ों से पता चलता है कि 161 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर अपराधों के मामले दर्ज होने की घोषणा की है वहीं 18 नेताओं पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं, जबकि 35 पर नफरत फैलाने वाले भाषण (हेट स्पीच) से संबंधित मामले हैं। 1,618 उम्मीदवारों में से 15 ने उन मामलों की घोषणा की है, जिनमें उन्हें दोषी ठहराया गया है। एडीआर ने शपथ पत्र के आंकलन पर यह रिपोर्ट तैयार की है।रिपोर्ट में ही उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति का भी आंकलन पेश किया गया है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों में सात उम्मीदवारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हैं, जबकि 19 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला है। एडीआर के मुताबिक 18 उम्मीदवारों ने अपने हलफनामों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की घोषणा की है, और उनमें से एक पर भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार का आरोप है। संगठन ने बताया कि 35 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर घृणा भाषण देने का आरोप है। राजनीतिक दलों की बात करें, तो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सभी चार उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है. इस मामले में सबसे कम दागदार उम्मीदवारों वाली पार्टी बसपा है, जिसके 86 उम्मीदवारों में से 11 यानी 13 प्रतिशत पर आपराधिक मामले थे।

साथियों बात अगर हम उम्मीदवारों की वित्तीय स्थिति के आकंलन को देखें तो, पहले चरण में 450 करोड़पति (जिनकी कुल संपत्ति 1 करोड़ से अधिक है) उम्मीदवार हैं, जिनमें से अधिकतम 69 भाजपा से हैं।इसके बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस से 49, फिर अन्नाद्रमुक से 35, द्रमुक से 21, बसपा से 18 हैं। तृणमूल और राजद से चार -चार उम्मीदवारों के पास एक करोड़ से अधिक संपत्ति है। अन्नाद्रमुक के उम्मीदवारों के पास सबसे अधिक औसत संपत्ति 35.61 करोड़ रुपये है। इसके बाद द्रमुक के पास 31.22 करोड़ रुपये, कांग्रेस के पास 27.79 करोड़ रुपये और भाजपा के पास 22.37 करोड़ रुपये हैं।

## शार्ट न्यूज

### दो दिन पूर्व घर से गायब किशोरी का शव बेरासपुर गंगा में मिला उतराता

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के बेरासपुर गंगा घाट पर शनिवार को किशोरी का शव उतराता मिला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरासपुर गंगा घाट पर एक किशोरी का शव नदी में उतराया मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी अजीत सिंह की 17 वर्षीय पुत्री स्वाति सिंह पिछले 11 अप्रैल की सुबह अचानक गायब हो गई थी। रिश्तेदारों सहित अन्य संभावित स्थलों पर काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने गोपीगंज थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस बीच शनिवार को गंगा नदी के बेरासपुर घाट पर एक किशोरी का शव उतराए होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसकी पहचान स्वाति सिंह के रूप में की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पिता अजीत सिंह ने उसकी हत्या की आशंका जाहिर की है। वह कक्षा 11 की छात्रा थी जो गांव के ही एक निजी स्कूलों में पढ़ती थी।

### कानपुर में डंपर-कार की टक्कर, दो की मौत

कानपुर। कानपुर में डंपर और कार में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक किन्नर और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा किन्नर गंभीर रूप से घायल है। पुलिस तीनों को बिधनू सीएचसी लेकर पहुंची। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने भी एक किन्नर और ड्राइवर को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप घायल किन्नर को हैलट रेफर कर दिया। एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि घाटमपुर की ओर से कानपुर की तरफ एक तेज रफ्तार कार जा रही थी। उधर कानपुर से बिधनू की तरफ एक तेज रफ्तार डंपर आ रहा था। बिधनू हरबसपुर के सामने तेज रफ्तार कार और डंपर में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार किन्नर अर्रा बिनगवां नौबस्ता निवासी सिमरन (45), ड्राइवर आकाश शुक्ला (26) और मनीषा (35) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस और पब्लिक ने कड़ी मशक्कत से तीनों को कार से बाहर निकाला और बिधनू सीएचसी ले गए। जहां पर जांच के बाद डॉक्टरों ने सिमरन और ड्राइवर आकाश को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल मनीषा का प्राथमिक इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। मनीषा की भी हालत डॉक्टरों ने बेहद नाजुक बताई है।

### कानपुर में 3 सटोरिए गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर में क्राइम ब्रांच की टीम ने माल रोड के एक होटल से तीन सटोरियों को अरेस्ट किया है। तीनों सटोरिया होटल के कमरे से बैठकर आईपीएस में सट्टा खिलवा रहे थे। क्राइम ब्रांच ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर तीनों को पकड़ लिया। सटोरियों के पास से 19 लाख रुपए कैश भी बरामद हुआ है। तीनों के खिलाफ हरबंशमोहाल थाने में एफआईआर दर्ज की है। सटोरियों से मिले इनपुट के आधार पर गैंग के बाकी सदस्यों के बारे में पता लगाया जा रहा है। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि माल रोड के होटल के कमरे से सट्टा खिलवाने की सूचना मिली थी। क्राइमब्रांच ने छापेमारी की तो होटल से आईपीएल में सट्टा खिलवाते तीन लोग मिले। पुलिस ने तीनों को अरेस्ट कर लिया। तलाशी के दौरान सटोरियों के पास से 19 लाख रुपए बरामद हुआ है। जांच के दौरान करोड़ों का ट्रांजेक्शन समेत अन्य साक्ष्य मिले हैं। विदेश से भी 8 लाख रुपए खाते में ट्रांजेक्शन का साक्ष्य मिला है। पकड़े गए तीनों सटोरियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम सुमित, राहुल और सुमित आनंद बताया है। पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर सटोरियों के अन्य ठिकानों पर भी दबिश दी जा रही है। जल्द ही पूरे सिंडीकेट का खुलासा होगा।

### काशी स्टेशन से दो शातिर चोर गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी के काशी स्टेशन से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह दोनों साथी चोर ट्रेन में सो रहे यात्रियों के पास से पैसे और सामान चोरी किया करते थे, दोनों के ऊपर पहले से ही गैंगस्टर एक्ट दर्ज है। पुलिस की टीम द्वारा स्टेशन पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया था। जिसमें यह दोनों पकड़े गये। जीआरपी इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने कहा कि काशी स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपीएफ के संयुक्त तत्वाधान में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था मुखबिरों की सूचना पर दो शातिर अपराधी बच्चा डोम और पवन डोम को गिरफ्तार किया है। दोनों काली माहौल मुगलसराय के रहने वाले हैं इन दोनों को प्लेटफार्म नंबर-1 के उत्तरी छोर पर पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इन चोरों के पास से नगद रुपए, मोबाइल और नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि जब ट्रेनों में यात्री सोते रहते हैं तो दोनों चोरी को अंजाम देते हैं। दो पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बच्चा डोम पर मुगलसराय में कुल 38 मुकदमे हैं। बनारस मिर्जापुर और मुगलसराय से लेकर कल 46 मुकदमे है वहीं पवन डोम पर आठ मुकदमे हैं।

### पहले मीट लेने के विवाद में हत्या

फतेहपुर। फतेहपुर में ईद के दिन मटन की दुकान में पहले मीट लेने को लेकर दो युवकों में विवाद के बाद एक युवक ने बकरा काटने वाले चाकू से दूसरे युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। मृतक के भाई के तहरीर पर आरोपी सहित दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में हत्या का खुलासा करता हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि 11 अप्रैल के दिन ईद पर्व पर ईद की नमाज बाद दोपहर में थरियांव थाना क्षेत्र के कस्बे में सब्बीर मटन शॉप पर कस्बे के ही रहने वाला शेर अली (32) पुत्र टिरी अहमद बकरा का मीट लेने गया गया था। उसी समय कस्बे के रहने वाले आरोपी युवक चमन (40) पुत्र निसार अहमद भी पहुंचा। मटन शॉप में पहले मीट लेने का विवाद शेर अली ने शुरू कर दिया क्योंकि मृतक नशे की हालत में था। आरोपी युवक से विवाद होने पर बात बढ़ने पर बकरा काटने वाले चाकू से सीने और पेट में वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

झांसी। झांसी के वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक अपने दो बडे भाइयों के साथ काम की तलाश में भुसावल जा रहा था। दोनों भाइयों के सामने यह दर्दनाक हादसा हुआ है। फिलहाल जीआरपी ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक का नाम देवेश दोहरे पुत्र चितरसिंह दोहरे था। वह इटावा के सलोखरा गांव का रहने वाला था। मृतक के पिता ने बताया कि देवेश अपने दो बड़े भाईयों केशवेंद्र और वेदप्रकाश के साथ काम की तलाश में भुसावल जा रहा था। तीनों भाई बस से झांसी पहुंचे, यहां से उनको भुसावल के लिए ट्रेन पकड़नी थी। शाम लगभग 7 बजे ट्रेन आई। चढ़ते वक्त ट्रेन चल पड़ी। तभी देवेश का पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। आनन फानन ने दोनों भाइयों ने जीआरपी की मदद से देवेश को मेडिकल कॉलेज में एडमिट करवाया। जहां पर इलाज के दौरान देवेश की मौत हो गई।

### बदायूं में अर्टिगा ने ऑटो में मारी टक्कर

बदायूं। बदायूं में शनिवार को अर्टिगा ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार महिला की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। मरने वाली महिला आराधना (35) पत्नी दिनेश थी, जो अपने गांव से बच्चों व रिश्तेदारों को लेकर शहर की आवास विकास कॉलोनी स्थित अपने घर लौट रही थी। अलापुर थाना क्षेत्र में ककराला पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। दरअसल, आराधना का उसहैत इलाके के बची झझरऊ गांव में पैतृक घर है। दो दिन पहले वह गांव गई थी, जबकि शनिवार को वापस घर लौट रही थीं। उनके साथ परिवार की ही कविता, बबीता, ममता, विनय, वंदना, प्रशांत, सिद्धि, आयांश, आयुषी व प्रियांशु भी थे। रास्ते में ककराला पेट्रोल पंप के पास अर्टिगा गाड़ी ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में सभी लोग घायल हो गए।

# माफिया जिनकी तूती बोलती थी, आज घिघिया रहे

## बिजनौर के बाद बरेली में योगी बोले-आज अपराधी जेल में या जहन्नुम में हैं, पहले बरेली में हर महीने दंगा होता था

बिजनौर/बरेली/हल्द्वानी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिजनौर के बढ़ापुर में रैली की। यह मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र में आता है। योगी ने यहां से भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को वोट देने की अपील की। योगी ने कहा- आज आप देख रहे होंगे, बड़े-बड़े माफिया जिनकी कभी तूती बोलती थी, आज कैसे घिघियाते दिख रहे हैं। आज वो बोलते हैं कि जान बख्श दो। ठेला लगाकर पेट भर लेंगे। लेकिन, कभी किसी की बेटी को छेड़ेंगे नहीं। आज उत्तर प्रदेश में न कर्फ्यू है, न दंगा है...यूपी में सब चंगा है।

योगी ने कहा- भाजपा की सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है। आज माफिया या अपराधी जेल में या तो जहन्नुम में हैं। कहीं किसी व्यापारी या बेटी को जबरन उठाने का दुस्साहस आज कोई नहीं कर सकता। ये सुरक्षा केवल भाजपा ही दे सकती है। वे लोग नहीं दे सकते जो माफिया और अपराधी का साथ देते थे, उनके सामने नाक रगड़ते थे। इसके बाद योगी उत्तराखंड के हल्द्वानी में जनसभा की। अब बरेली जिले की बहेड़ी में भी जनसभा करेंगे। बहेड़ी जगह पीलीभीत लोकसभा में आती है। यहां से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में योगी रैली की।

### बहेड़ी में बोले बोले सीएम योगी

बहेड़ी के रामलीला मैदान में बोलते हुए सीएम योगी ने कहा- सभी सिख बंधुओं को बैसाखी की बधाई। यह चेतना हमारे अनदाता किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां का किसान धरती माता से सोना उगाते हुए देश के लोगों को पेट भरने का काम करता है। इसलिए बहेड़ी को कहा जाता है कि यह इतिहास के परिवर्तन की धरती है।

मैं बार बार यहां आने का प्रयास करता था। पिछली बार भी छत्रपाल गंगवार के लिए सभा करनी थी, मूसलाधार बारिश में आ नहीं पाया।



आज मैं आया हूं, आपके उत्साह के लिए मैं सभी का अभिनंदन करता हूं। हम सभी नये भारत का दर्शन कर रहे हैं, इस भारत में जहां दुनिया सम्मान की नजर से देख रही है। यह अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना भी जानता है। यहां विकास के प्रोजेक्ट बन रहे हैं, हाईवे बन रहे हैं।

### पिछली सरकार में कर्फ्यू लगता था

सीएम योगी ने कहा कि यह आस्था का सम्मान भी है, एक तरफ पिछली सरकार कर्फ्यू लगाती थी, यूपी में 7 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। उन्हें मालूम है कि दंगा करेंगे तो उन्हे उलटा टंगवा दिया जायेगा। दंगाइयों को पता है जेल बाद में जायेगा पहले जहन्नुम जायेगा। यूपी में सब चंगा, आग यूपी में किसान आगे बढ़ चुका है।

हर नागरिक जम्मू कश्मीर में जमीन खरीद सकता है। 370 हटने के बाद नई पहचान दी है।

जिनके पास आयुष्मान का कार्ड नहीं बन पाया है, एक एप्लीकेशन आती है तो पैसा उसके अकाउंट में भेज देता हूं। वह मेरे प्रदेश का नागरिक है। उसकी हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराने का हमारा दायित्व है। 4 करोड़ गरीबों के मकान मिल गए। कहीं पर आईटी पार्क बन रहा है, कहीं पर अन्य विकास की बड़ी बड़ी परियोजना बन रही हैं।

### माफियाओं पर बरसे सीएम

सीएम ने मंच से कहा कि जो भी भूमाफिया सार्वजनिक जमीन पर कब्जा करेगा, उसको लेने के देने पड़ेंगे।

उसकी संपत्ति कब्जा होगी। पिछले 7 वर्षों में हमने गन्ना किसानों की गन्ना किसानों की समस्या का समाधान करने का प्रयास किया। 120 चीनी मिलें हम चला रहे हैं। एक सप्ताह में चीनी का भुगतान भी हुआ है, हम 7 साल में 2.5 लाख करोड़ रुपये का भुगतान गन्ना मूल्य का भुगतान किया है।

जो चीनी मिलें समय से भुगतान नहीं करेंगी, हम उन किसानों को उनका मालिक बनायेंगे। किसी का एक पैसा डूबेगा नहीं, हम समस्या नहीं, समाधान पर विश्वास करते हैं। यूपी में सुरक्षा का वातावरण दिया है।

### बरेली में हर महीने दंगा होता था

बरेली में पहले हर महीने दंगा होता था, आज दंगाई जान की भीख मांग रहे हैं। अब यह नहीं होगा कि किसी पार्टी से फतवा जारी कर दिया। हम मजबूती से आपके साथ खड़े हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने का काम किया है। सपा, बसपा और कांग्रेस 370 नहीं हटाते। अयोध्या में यह लोग क्या राम मंदिर का निर्माण करा पाते। नहीं करा पाते ना, रामलला विराजमान होने के साथ कितने लोग गए हैं, सबने रामलला देखे हैं। कांग्रेस, सपा बसपा के समय में दंगे होते थे। चारों तरफ दंगे होते थे, आज माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं, सब्जी बेच रहे हैं। ठेले लगाकर यही बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं, जबकि कुछ लोग जहन्नुम की भीख् मांग रहे हैं। विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित बरेली और पीलीभीत चाहिए।

# कुर्की के लिए पूर्व मंत्री अमरमणि के घर पहुंची टीमें

## राहुल अपहरण केस में कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई, दफ्तर के दो कमरों को किया सील

महराजगंज। महराजगंज के नौतनवा में पूर्व मंत्री अमर मणि त्रिपाठी के आवास पर कुर्की की कार्रवाई के लिए प्रशासन की टीम पहुंची। यहां पैमाइश के बाद दफ्तर के दो कमरों को सील कर दिया गया। 22 साल पुराने बस्ती अपहरणकांड मामले में पूर्व मंत्री के कोर्ट में पेश नहीं होने पर शनिवार को कोर्ट के आदेश पर बस्ती की टीमें नौतनवा स्थित उनके घर पहुंची। अमरमणि त्रिपाठी के आवास पर लोगों से पूछताछ की। पैमाइश के बाद सील की कार्रवाई की गई। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद है।



बता दें कि 6 दिसंबर 2001 को बस्ती के व्यापारी धर्मराज मद्धेशिया के बेटे राहुल के अपहरण मामले में पुलिस ने व्यापारी के बेटे को लखनऊ में अमरमणि त्रिपाठी के घर से बरामद किया था। इस मामले में अमरमणि समेत 9 लोगों को आरोपी बनाया गया था।

अमर मणि त्रिपाठी मधुमिता हत्याकांड में जेल से छूटने के बाद भी इस मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। ऐसे में अब कोर्ट के आदेश पर बस्ती की टीम के साथ नौतनवा, सोनौली समेत नौतनवा तहसील से राजस्व विभाग की टीम उनके आवास पर पहुंची है।

अमरमणि त्रिपाठी के कार्यालय पर पहुंच कर टीमें यह जांच पड़ताल कर रही हैं कि पूर्व मंत्री के नाम से कितनी संपत्ति है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। गहमा-गहमी का माहौल बना हुआ है।

### आपत्तिजनक चित्र छपे उत्पाद पर वर्ग विशेष के लोगों ने किया हंगामा

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के उतरौला कोतवली इलाके के कस्बा बाजार में स्थित एक नामचीन मॉल में अपने धार्मिक स्थल के छपे चित्र के पावदान की बिक्री पर भड़के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मॉल के सामने शुक्रवार रात जमकर हंगामा किया। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि कस्बे में संचालित एक मॉल में धार्मिक चित्र छपे पावदान को देखकर एक विशेष समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया , जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शकारियों को समझा बुझा कर शांत करा दिया द्य उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मिली शिकायत पर जांच करायी जा रही है प्रकाश में आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी । एएसपी ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था बरकरार रखने के लिये अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये सोशल मीडिया पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

# विंध्याचल नवरात्रि मेला में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

विंध्याचल (मिर्जापुर)। उत्तर प्रदेश के विंध्याचल में लगने वाला नवरात्रि मेला अब पूरे शबाब पर पहुंच चुका है। पूरा मेला क्षेत्र मां के जयकारे से गूंज रहा है।अब तक दस लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शनार्थी मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन कर चुके हैं।

नौ दिन के नवरात्र मेले में दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ रही है। देश के विभिन्न इलाकों से आ रहे हैं। मेले में भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा के मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। इस बार मेला सुरक्षा व्यवस्था में एटीएस के जवान तैनात किए गए हैं।

काशी प्रयाग दो तीर्थक्षेत्र के मध्य स्थित विंध्याचल सिद्धपीठ का महात्म्य हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों में मिलता है। देश के अन्य शक्ति पीठों में मां विंध्यवासिनी देवी की अलग मान्यता है। भक्त विश्व प्रसिद्ध त्रिकोण यंत्र की परिक्रमा कर मां विंध्यवासिनी, मां काली और सरस्वती देवी के दर्शन पूजन कर रहे हैं। इस यंत्र के पूर्व कोण पर ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी रुप मे विराजमान हैं तो दक्षिण में शत्रु संघारिणी मां काली विराजमान हैं पश्चिम में ज्ञान की देवी योगमाया मां सरस्वती देवी निवास करती हैं। श्रद्धालु इस त्रिकोण यंत्र की परिक्रमा कर मां लक्ष्मी,काली और सरस्वती देवी के दर्शन पूजन करते हैं।

चौदह वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले मेला क्षेत्र में एक अनूठा दृश्य है। भक्त प्राकृति हरितिमा के बीच विंध्य पर्वत और मां गंगा के सन्धि क्षेत्र में स्थित विंध्य क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी मां विंध्यवासिनी की अभ्यर्थना करने से पहले गंगा स्नान करते हैं। नवरात्रि में पूरा मेला क्षेत्र गुंजायमान है। यात्रियों की सुविधा एवं भीड़ नियंत्रित करने के उद्देश्य से मां के कपाट को चौबीसों घंटे खोल रखा गया है। दर्शनार्थी दिन रात लाईन में लगे हैं। जिला प्रशासन विकलांग दर्शनार्थियों के लिए निशुल्क वाहन एवं व्हील चेयर मुहैया करा रहा है।यह सुविधा त्रिकोण यंत्र परिक्रमा के लिए भी है।

# देवरिया में खड़े ट्रक में कार टकराई, दो की मौत, एक घायल

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के मदनपुर क्षेत्र में एक खड़े ट्रक में स्कार्पियो वाहन के टकराने से दो लोगों की मौत हो गई तथा इस हादसे में एक व्यक्ति घायल है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव ने शनिवार को यहां बताया कि मदनपुर क्षेत्र के ग्राम टढ़वा के पास शुक्रवार की देर रात एक खड़ी ट्रक में पीछे से स्कार्पियो वाहन टकरा जाने से उसमें बैठे तीन लोग मनोज, संजय और कृष्णा गम्भीर रूप से घायल हो गये, जिनमें से दो लोगों संजय और कृष्ण की मौत हो गई। हादसे में घायल मनोज का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि घायल और मृतक व्यक्ति रूद्रपुर कस्बे के निवासी बताये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस शवों को कब्जे में लेकर आज यहां पोस्टमार्टम करा रही है।

### फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक महिला की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव बरामदे में फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पति और ससुराल वालों पर हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि, पति शादी में दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं था। दहेज में पांच लाख रुपए और एक बुलेट की मांग की जा रही थी। मांग पूरी नहीं करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

# देवरिया में आवारा खूंखार कुत्तों ने 04 साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया में शनिवार को एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया । जहां आवारा कुत्तों ने एक चार साल की मासूम बच्ची को नोच-नोच कर मार डाला है। पुलिस मासूम बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करा रही है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर रेड्डी ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के अमेठी तिराहा पर आज एक चार वर्षीय मासूम बच्ची का शव सड़क के किनारे मिला है। बताया जाता है कि आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर नोच-नोच कर मार डाला। उन्होंने बताया कि बच्ची पर आवारा कुत्तों का हमला शुक्रवार की रात में हुआ है कि आज सुबह हुआ है, यह पोस्टमार्टम के रिपोर्ट बाद ही कहा जा सकता है। पुलिस ने बच्ची की पहचान का खुलासा करने से इंकार कर दिया।

इस घटना के बाद आसपास के लोग अपने बच्चों के बारे में फिक्रमंद हो गये हैं। घटना के बाद अब लोग अपने बच्चों को अकेले स्कूल भेजने में भी डर रहे हैं। नगर पालिका परिषद का दावा होता रहा है कि वह आवारा कुत्तों और छुट्टा पशुओं को पकड़ कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य करता है लेकिन देवरिया नगर पालिका परिषद का यह अभियान मात्र कागजों पर ही देखते को मिल रहा है।

# लखीमपुर में पुलिस कस्टडी में दलित की मौत, बवाल

## परिजन बोले- पीट-पीटकर मार डाला, सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन; छह घंटे तक चला हंगामा

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में हत्या के मामले में पूछताछ के लिए थाना मितौली लाए गए 50 वर्षीय दलित ग्रामीण की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी हैं। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी रोष है। शव को सड़क पर जाम लगा दिया था। करीब छह घंटे तक सड़क पर जमकर हंगामा किया। अफसरों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए। इसके बाद जाम खुल सका।

पुलिस का कहना है कि रात में ग्रामीण की तबीयत खराब हो गई थी। उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बता दें कि ग्रामीण को एक हफ्ते पहले हुए एक बच्ची की हत्या के आरोप में पूछताछ के लिए थाने लाया गया था।

पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप है। मृतक के पुत्र रोहित ने दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी है।



### बच्ची की हत्या के मामले में थाने लाई थी पुलिस

थाना मितौली क्षेत्र के गांव पकरिया में सात दिन पहले एक छह साल के बच्ची की हत्या कर दी गई थी। उसका शव घर से करीब दो सौ मीटर दूर झाड़ियों में बरामद हुआ था। पोस्टमॉर्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने मृतक के पिता ने गांव के आसाराम समेत एक अन्य के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था।

बताया जा रहा है कि बालिका के पिता और आसाराम के मध्य करीब 10 वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी होली को दोनों लोग आपस में गले मिले थे। इसके बाद बच्ची की हत्या होने के बाद दोनों परिवार फिर आमने-सामने हो गए थे। पुलिस बच्ची की हत्या के मामले में गांव निवासी आसाराम को शुक्रवार की शाम करीब चार बजे पकड़कर थाना लाई थी।

### पुलिस ने कहा- तबियत खराब होने से हुई मौत

रात करीब दस बजे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस आसाराम को लेकर पहले सीएचसी पहुंची, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया, जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिवार के लोग जिला अस्पताल पहुंच गए।

### परिजनों का आरोप- पुलिस ने पीटा, करंट भी लगाया

आसाराम के परिजन का आरोप है कि मितौली थाना परिसर में पुलिस ने आसाराम को बेरहमी से पीटा। उसे करंट भी लगाया, जिससे उसकी मौत हो गई। जब उसकी मौत हो गई, तब हम लोगों को सूचना दी। रात में ही पुलिस ने शव परिजनों को बीमारी से मौत होने की बात कहते हुए सौंप दिया था।

परिवार वालों का कहना है कि पुलिस ने आसाराम को थर्ड डिग्री दी है। आसाराम के पीठ और पेट पर चोट के निशान है। सीधे तौर परिजन पुलिस हिरासत में आसाराम की पिटाई से मौत का आरोप लगा रहे हैं। मृतक आसाराम दलित बिरादरी से आते हैं।

### थाना मितौली के बाहर ग्रामीण कर रहे हंगामा

थाना मितौली व पोस्टमार्टम हाउस पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी रोष है। मौत के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने कस्ता सीतापुर मार्ग स्थित पिपरझला पुलिस सहायता केंद्र तिराहे को जाम कर दिया है ।

आरोपी थाना इंचार्ज और पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग कर रहे हैं। मौके पर भारी संख्या पुलिस फोर्स मौजूद है। लोग पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहें हैं। मौके पर पहुंचे एएसपी समेत कई पुलिस अफसर परिवार वालों को समझाने की कोशिश में जुटे हैं।

# आगरा में पत्नी की चाकू मारकर हत्या

## पति करता था शक, दोस्तों से बात करना नहीं था पसंद; आरोपी गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा के थाना सदर क्षेत्र के सरस्वती विहार कॉलोनी में पति ने पत्नी की हत्या कर दी है। हत्या के बाद पति घर से फरार हो गया। सुबह लोगों ने घर में पत्नी का शव देखा। पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार कॉलोनी में गोविंदा अपनी पत्नी मंजू और 3 बच्चों के साथ रहता था। पति की फोटो स्टेट की दुकान है। पत्नी ककुआ के एक हॉस्पीटल में नर्स थी। पति पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। पत्नी के दोस्तों का घर पर आना जाना भी उसे पसंद नहीं था। इसको लेकर उनके बीच में अक्सर विवाद होते थे।

### पति से झगड़े पर पत्नी ने मारा था चांटा

बताया गया है कि शुक्रवार शाम को पत्नी हॉस्पीटल से घर आई। उस समय गोविंदा घर पर था। पत्नी मंजू फोन पर किसी से बात कर रही थी। गोविंदा ने उसको टोका। दोनों के बीच में विवाद हो गया।



बताया गया है कि पत्नी मंजू अपने पति से झगड़ा करते हुए घर के बाहर आ गई। उसने पति को चांटा मारा दिया। हंगामा होने पर दूसरी गली में रहने वाले गोविंदा के परिजन आ गए। उनकी भी मंजू से कहासुनी हो गई। विवाद में मंजू को धक्का लग गया।

उसके सिर में चोट लग गई। वो थाने पहुंच गई। पति और ससुर पर मारपीट का आरोप लगाया। गोविंदा भी थाने पहुंच गया।

## शार्ट न्यूज

### लुब्रिज़ोल कॉर्पोरेशन का पुणे में नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

नयी दिल्ली । स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीज़ोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने यहां कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीज़ोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिज़ोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स के क्षेत्र में काम करने वाले 200 से अधिक क्षेत्रीय कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (हाई ग्रोथ रीजन) जेटी जोन्स ने इस मौके पर कहा, भारत निस्संदेह हमारे सबसे तेजी से बढ़ते मार्केट में से एक है और क्षेत्रीय और वैश्विक ग्राहकों के लिए सफलता और नवाचार प्राप्त करने के लिए आवश्यक टैलेंट का एक महत्वपूर्ण केंद्र है।

### बिजली की मांग बढ़ने से सरकार ने सभी गैस आधारित प्लांट को दो महीने चालू रखने को कहा

सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यत: व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी (अप्रैल से जून 2024) में 260 गीगावाट अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। बयान के अनुसार, गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत सरकार के निर्देश पर एक उत्पादन कंपनी असाधारण परिस्थितियों में किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रखरखाव कर सकती है।

### दाल की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए सरकार ने उठाया बड़ा कदम

दाल की बढ़ती कीमतों ने न केवल आम जनता को परेशान कर रखा है बल्कि सरकार की नींद भी उड़ा दी है। ऐसे में सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है जिससे दालों की बढ़ती कीमतों पर रोक लग सके। उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने इस संबंध में अलग-अलग पक्षों के साथ बैठक की। इस बैठक में सचिव ने दाल के भंडार और उपलब्धता का जायजा लिया है। साथ ही उन्होंने 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत की। सरकार ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी खरे ने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के इंपोर्ट से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। बता दें कि सरकार फूड इंफ्लेशन को काबू में करने के लिए कई कदम उठा रही है। ये ही वजह है कि मार्च के महीने में CPI inflation नौ महीने के नीचले स्तर 4.85 फीसदी पर आ गया। हालांकि, थोड़ी गिरावट के बाद भी दाल की कीमत अभी भी 17.7 फीसदी पर है। भारतीय मिशन ने बताया कि रुपया क्यात निपटान तंत्र 25 जनवरी, 2024 से चालू हो गया है, जिसका उद्देश्य व्यापार लेनदेन को सरल बनाना और कुशल बनाना है।

### बिजली की मांग बढ़ने से सरकार ने सभी गैस आधारित प्लांट को दो महीने चालू रखने को कहा

सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यत: व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी (अप्रैल से जून 2024) में 260 गीगावाट अधिकतम बिजली मांग का अनुमान लगाया है। पिछले साल सितंबर में बिजली की अधिकतम मांग 243 गीगावाट के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय के बयान के अनुसार, यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। बयान के अनुसार, गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं। इनके तहत सरकार के निर्देश पर एक उत्पादन कंपनी असाधारण परिस्थितियों में किसी भी उत्पादन स्टेशन का संचालन और रखरखाव कर सकती है।

### आर्थिक मोर्चे पर झटका, फरवरी में इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन की रफ्तार पड़ी धीमी

अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत के लिए एक बड़ी खबर आई है। साल 2024 के दूसरे महीने यानी फरवरी में भारत का औद्योगिक उत्पादन पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 0.3 फीसदी घटकर 5.7 फीसदी पर आ गया। NSO ने शुक्रवार को ये आंकड़े जारी किए। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2024 में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर का उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.9 प्रतिशत बढ़ा था। इस साल फरवरी में माइनिंग सेक्टर का उत्पादन आठ फीसदी और बिजली उत्पादन 7.5 फीसदी बढ़ा। बीचे वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-फरवरी के दौरान IIP 5.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 5.6 प्रतिशत था। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई मार्च में सालाना आधार पर 0.24 फीसदी कम होकर 4.85 फीसदी पर आ गई। पिछले 5 महीने में खुदरा महंगाई दर का यह सबसे निचला स्तर है। इससे पहले, अक्टूबर 2023 में खुदरा महंगाई दर सबसे कम 4.87 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में फूड बॉस्केट में महंगाई 8.52 प्रतिशत थी, जो फरवरी में 8.66 प्रतिशत थी। फरवरी में खुदरा महंगाई 5.09 फीसदी और एक साल पहले की समान अवधि यानी मार्च 2023 में यह 5.66 फीसदी पर थी।

# शक्कर में मांग, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत, दालें महंगी, चावल उठाव बढ़ा ऊंचे

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर स्थिरता लिए रही। खाद्य तेलों में तेजी दर्ज की गई। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड महंगा होकर बिका। तिलहन में उठाव बना रहा। दलहन में भाव ऊंचे हुए। आज चना कांटा उछाल लिए रहा। दालों में मजबूती हुई। चावल में उठाव साधारण बताया गया।

#### किराना बाजार

सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव मजबूती लिए रहे। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से बना रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग उठाव रहा। हल्दी में डिमांड साधारण बताई गई।

#### तेल-तिलहन

खाद्य तेलों में नरमी रही। सोयाबीन रिफाइंड में भाव ऊंचे बोले गए। आने वाले दिनों में लिवाली सुधार की संभावना है। तिलहनों में कामकाज सामान्य वत बना रहा।

#### दाल-दलहन

दलहनों में मजबूती रही। कारोबार में चना कांटा ऊंचा होकर बिका। इस बीच मसूर, मूंग तथा तुअर में सुधार दर्ज किया गया। दालों में मजबूती रही। चावल में मांग सुधार से लिए बताई गई।

#### किराना

शक्कर 3840 से 3880 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 110 से 135 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4500 रुपये प्रति 15



किलोग्राम। हल्दी खडी 175 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों निमाड़ी 5300 से 5750, सोयाबीन 4650 से 4700 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1490 से 1500, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 960 से 965, साल्वेंट 910 से 915, पाम तेल 1025 से 1030 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

चना (कांटा) 6350 से 6400, चना विशाल 6000 से 6300, मसूर 6100 से 6125, तुअर निमाड़ी 9800 से 11100, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11400 से 11600, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 9000 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 8000 से 8500, तुअर दाल सवा नंबर 15000 से 15100, तुअर दाल फूल 16000 से 16100, तुअर दाल बोल्ड 17000 से 17100, आयातित तुअर दाल 14200 से 14300, मसूर दाल 7300 से 7600, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11300 से 11600, उड़द मोगर 11800 से 12000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000, दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, मोगरा 4500 से 7000, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

रवा 1660, मैदा 1530, आटा 1520, चना बेसन 4100 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# सरकार ने दालों में जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी जारी की

नयी दिल्ली। सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गयी।

बयान में कहा गया है कि उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। बयान के अनुसार सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी।

बयान में कहा गया है कि यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की एक श्रृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों जैसे कि संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों द्वारा रखे गए स्टॉक के मद्देनजर आयात की कीमतें पर भी चर्चा की।

मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी 2024 से रुपया क्यात निपटान तंत्र चालू किया गया है।

मंत्रालय के अनुसार सेंट्र बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी 2024 को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

नया तंत्र समुद्र और सीमा व्यापार और वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं के व्यापार दोनों के लिए लागू होगा। व्यापारियों द्वारा तंत्र को अपनाना मुद्रा रूपांतरण से जुड़ी लागत कम हो जाएगी और कई मुद्रा वार्तालापों की आवश्यकता को समाप्त करके विनिमय दरों से संबंधित जटिलताओं को खत्म कर दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि व्यापारिक समुदायों विशेषकर दाल आयातकों के बीच इस तंत्र के संचालन के बारे में प्रचार-प्रसार अलग से किया जा रहा है, जिसमें उनसे पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से एसआरवीए का उपयोग करके रुपया/क्याट प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने का अनुरोध किया जा रहा है।

मंत्रालय ने कहा है कि आयातों और अन्य उद्योग के खिलाड़ियों जैसे मिल मालिकों, स्टॉकिस्टों और खुदरा विक्रेताओं को 15 अप्रैल 2024 से पोर्टल एचटीटीपीएस/ / एफसीएआईएनएफडब्ल्यूईबी.एनआईसी/पीएसपी पर साप्ताहिक रूप से आयातित पीली मटर सहित दालों के अपने स्टॉक की ईमानदारी से घोषणा करने के लिए कहा गया है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं द्वारा साप्ताहिक स्टॉक प्रकटीकरण लागू करने और उनके द्वारा घोषित स्टॉक को सत्यापित करने के लिए भी कहा गया है।

## बॉर्नविटा पर सरकार ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को दी हिदायत

नई दिल्ली । वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने ई-कॉमर्स कंपनियों को एडवाइजरी जारी कर उन्हें अपने पोर्टल और प्लेटफॉर्म्स पर बोर्नविटा समेत सभी ड्रिंक्स और बेवरेज को हेल्थ ड्रिंक्स की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है। 10 अप्रैल को जारी अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत अपनी जांच के बाद निष्कर्ष निकाला है कि देश में खाद्य कानूनों के तहत कोई भी ड्रिंक स्वास्थ्य पेय या हेल्थ ड्रिंक्स के रूप में परिभाषित नहीं है। एनसीपीसीआर की ओर से की गई जांच के बाद यह बात सामने आई है बोर्नविटा में चीनी का स्तर स्वीकार्य सीमा से अधिक होता है।

इससे पहले, एनसीपीसीआर ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से उन कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने की अपील की थी जो सुरक्षा मानकों और दिशानिर्देशों को पूरा करने में विफल रहे हैं। कुछ कंपनियों पर आरोप है कि वे पावर सप्लिमेंट्स को स्वास्थ्य पेय के रूप में पेश कर रहे हैं। नियामक के अनुसार, देश के खाद्य




कानूनों में स्वास्थ्य पेय (हेल्थ ड्रिंक्स) को परिभाषित नहीं किया गया है और इस नाम पर कुछ भी बेचना नियमों का उल्लंघन है।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में, एफएसएसएआई ने भी ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को डेयरी-आधारित या माल्ट-आधारित पेय पदार्थों को स्वास्थ्य पेय के रूप में लेबल नहीं करने का निर्देश दिया था। पिछले साल, शीर्ष बाल अधिकार निकाय एनसीपीसीआर ने मोंडेलेज इंडिया के स्वामित्व वाली ब्रांड बोर्नविटा को सभी भ्रामक विज्ञापनों, पैकेजिंग और लेबल को वापस लेने का निर्देश दिया था। एक वीडियो में दावा किया गया था कि इसमें चीनी की मात्रा सामान्य से अधिक है।

## 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेंगे गुजरात के कारोबारी

नई दिल्ली। गुजरात के साबरकांठा जिले का एक कारोबारी परिवार सुर्खियों में है। दरअसल हिम्मतनगर के रहने वाले बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति दान कर सन्यास लेने का फैसला किया है। उनके इस फैसले की खूब चर्चा हो रही है। भावेश भाई को जाननेवालों का मानना है कि भंडारी के परिवार का हमेशा से जैन समाज की ओर झुकाव रहा है। अक्सर इनके परिवार की मुलाकात दीक्षार्थियों और गुरुजनों से होती रहती थी।

#### बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े हैं भावेश

भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपनी एशो-आराम की जिंदगी त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने और सन्यासी जीवन बिताने का फैसला किया है। भावेश बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं। उनका कारोबार साबरकांठा से अहमदाबाद तक फैला हुआ है।

साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को भावेश भाई और उनकी पत्नी समेत 35 लोग हिम्मतनगर रिवर फ्रंट पर संयमित जीवन जीने का संकल्प लेंगे।

#### पंखा, एसी और मोबाइल जैसी सुविधाएं त्यागनी होगी

सन्यास ग्रहण करने के बाद भावेश भाई और उनकी पत्नी को संयमित दिनचर्या का पालन करना होगा। वे जीवन भर भिक्षा मांगकर गुजारा करेंगे। इतना ही नहीं उनको पंखा, एसी, मोबाइल फोन जैसी सुख-सुविधाएं भी त्यागनी पड़ेगी। वे जहां कहीं भी यात्रा करेंगे उन्हें नंगे पांव चलना होगा।

सन्यास लेने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी से पहले उनके बच्चे (बेटा-बेटी) भी संयमित जीवन जीना शुरू कर चुके हैं। भावेश के 16 साल के बेटे और 19 साल की बेटी दो साल पहले ही जैन समाज की दीक्षा ले चुके हैं। अपने बच्चों से प्रेरित होकर ही भावेश भाई और उनकी पत्नी ने दीक्षा लेने का फैसला किया है।

## इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस, सीबीआई ने की कार्रवाई

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई ने की है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के निष्पादन में हुई गड़बड़ियों के मामले में की गई है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी है।

#### कंपनी पर कथित तौर पर अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप

जांच एजेंसी ने बताया हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे और इस मामले में दूसरे नंबर पर रही थी।

सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के सिलसिले में मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 78 लाख रुपये की रिश्वत दी गई। सीबीआई के अनुसार रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के नाम भी प्राथमिकी में शामिल किए गए हैं।

#### कंपनी के बॉन्ड्स को भाजपा, कांग्रेस व बीआरएस समेत कई पार्टियों ने भुनाए

चुनाव आयोग की ओर से बीते 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार कंपनी के रूप में सामने आया था। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे। आंकड़ों के अनुसार कंपनी की ओर से भाजपा को सबसे अधिक 586 करोड़ रुपये दान किए गए थे।

कंपनी ने बीआरएस को 195 करोड़ रुपये, डीएमके को 85 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 37 करोड़ रुपये का दान दिया है। कंपनी से टीडीपी को करीब 25 करोड़ रुपये मिले, जबकि कांग्रेस को 17 करोड़ रुपये मिले। जेडी-एस, जन सेना पार्टी और जेडी-यू को 5 करोड़ रुपये से लेकर 10 करोड़ रुपये तक की राशि कंपनी की ओर से दी गई थी।

#### जिस मामले में केस दर्ज किया गया वह क्या है यहां समझें

शनिवार को सार्वजनिक की गई प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने 10 अगस्त, 2023 को एकीकृत इस्पात संयंत्र जगदलपुर में इनटेक वेल और पंप हाउस और क्रॉस-कंट्री पाइपलाइन के कार्यों से संबंधित 315 करोड़ रुपये की परियोजना में कथित रिश्वत देने मामले में प्रारंभिक जांच शुरू की थी। यह परियोजना मेघा इंजीनियरिंग को सौंपी गई थी। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के आधार पर, 18 मार्च को कथित रिश्वत मामले में एक नियमित मामला दर्ज करने की सिफारिश की गई थी जो 31 मार्च को दायर की गई।

सीबीआई ने एनआईएसपी और एनएमडीसी लिमिटेड के आठ अधिकारियों- सेवानिवृत्त कार्यकारी निदेशक प्रशांत दास, निदेशक (उत्पादन) डीके मोहंती, डीजीएम पीके भुइयां, डीएम नरेश बाबू, वरिष्ठ प्रबंधक सुब्रो बनर्जी, सेवानिवृत्त सीजीएम (वित्त) एल कृष्ण मोहन, महाप्रबंधक (वित्त) के राजशेखर, प्रबंधक (वित्त) सोमनाथ घोष को नामजद किया है। इन पर कथित तौर पर 73.85 लाख रुपये रिश्वत लेने का आरोप है।

सीबीआई ने प्राथमिकी में मेकॉन लिमिटेड के दो अधिकारियों -एजीएम (अनुबंध) संजीव सहाय और डीजीएम (अनुबंध) के इलावरसू का भी नाम लिया है। इन पर कथित तौर पर 174.41 करोड़ रुपये के भुगतान के बदले 5.01 लाख रुपये लेने का आरोप है। ये भुगतान सुभाष चंद्र संगरा, महाप्रबंधक, एमईआईएल, मेघा इंजीनियरिंग और अन्य अज्ञात लागों को 73 चालान के जरिए किया गया था। चंद्रा और मेघा इंजीनियरिंग को भी मामले में आरोपी बनाया गया है।

## पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए तीन साल से ज्यादा नहीं करना होगा इंतजार

नई दिल्ली। स्वास्थ्य बीमा में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत पॉलिसीधारकों को अब पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए 36 महीने से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले इन बीमारियों के इलाज के लिए प्रतीक्षा अवधि 48 महीने थी। नया नियम एक अप्रैल, 2024 से लागू है। बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने हालिया अधिसूचना मे कहा, पहले से हुई किसी बीमारी (पीईडी) की जांच स्वास्थ्य बीमा कंपनी की ओर से जारी पॉलिसी के शुरू होने की तारीख से 36 माह पहले फिजिशियन द्वारा किया जाता है



या चिकित्सा सलाह या उपचार की सिफारिश की गई है तो ऐसे मामलों में वेटिंग अवधि 36 माह से ज्यादा नहीं होगी।

इरडा के मुताबिक, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के शुरू होने से 36 महीने तक की अवधि के दौरान उल्लिखित बीमारियां या इलाज (दुर्घटना के कारण को छोड़कर) कवर नहीं होते हैं। अवधि पूरी होने पर इन बीमारियों/उपचारों को कवर किया जाएगा, बशर्ते पॉलिसी को बिना किसी रुकावट के लगातार रिन्यू कराया गया हो।

#### बीमा कंपनी को देनी होगी पुरानी बीमारी की जानकारी

इरडा ने स्पष्ट कहा है कि पॉलिसी खरीदते समय खरीदारों को पुरानी बीमारियों के बारे में पूरी जानकारी बीमा कंपनी को देनी होगी।

इस आधार पर बीमा कंपनी स्वास्थ्य बीमा उत्पादों में पहले से मौजूद बीमारी की वेटिंग अवधि और विशिष्ट वेटिंग अवधि को कम करने का प्रयास कर सकती हैं। हालांकि, यह नियम विदेशी यात्रा पॉलिसियों के लिए लागू नहीं होगा।

नियामक ने कहा है कि बीमा कंपनियों को सरल और आसान उत्पाद पेश करने की जरूरत है, जो पॉलिसीधारक को समझ में आ जाए। इनके शब्दों, कवरेज व शर्तों में पारदर्शिता और स्पष्टता हो। पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा हो। उत्पादों से संबंधित सभी जोखिमों पर मूल्य निर्धारण में उचित रूप से विचार किया जाए।

इरडा ने कहा कि प्रीमियम की दरें उचित हों। अनुचित भेदभावपूर्ण नहीं हों और बीमाधारकों के प्रीमियम का सही मूल्य दें। सभी जोखिम उठाने की क्षमता हो। कोई ऐसे उत्पाद, जिन्हें जरूरी हो तो वापस ले लिया जाए।

## टीसीएस का मुनाफा 9.1 फीसदी बढ़ा, हासिल किए सबसे ज्यादा सौदे

टाटा कसंल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही आईटी कंपनियों के नतीजों का मौसम शुरू हो गया। चौथी तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन पर वृहद आर्थिक चुनौतियों का असर दिखा मगर टीसीएस ने सबसे ज्यादा सौदे हासिल करने के साथ वित्त वर्ष 2025 की शुरुआत की है।

टीसीएस का शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 9.1 फीसदी बढ़कर 12,432 करोड़ रुपये रहा।

वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के 11,735 करोड़ रुपये के मुकाबले कंपनी का कर उपरांत मुनाफा 6 फीसदी बढ़ा है। बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में टीसीएस की आय सालाना आधार पर 3.5 फीसदी बढ़कर 61,237 करोड़ रुपये रही।

वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में टीसीएस ने रिकॉर्ड 13.2 अरब डॉलर के कुल अनुबंध मूल्य पर हस्ताक्षर किए, जो पिछली 4 से 5 तिमाहियों में सबसे अधिक है। पूरे वित्त वर्ष में टीसीएस की ऑर्डर बुक 42.7 अरब डॉलर रही, जो अभी तक की सबसे ज्यादा ऑर्डर बुक है।

चौथी तिमाही में कंपनी की आय ब्लूमबर्ग के अनुमान से कम रही मगर मुनाफे में सुधार हुआ है। ब्लूमबर्ग ने 61,451 करोड़ रुपये की आय और 12,034 करोड़ रुपये शुद्ध मुनाफे का अनुमान लगाया था।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय तीरंदाजों ने देखा नया संसद भवन

नई दिल्ली। तुषार शेल्के, पार्थ सालुके, प्रथमेश जवाकर और सिमरनजीत कौर जैसे शीर्ष भारतीय तीरंदाजों ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नई संसद भवन का दौरा किया। इस दौरान इन तीरंदाजों ने अंदर से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर को देखा और अपने अनुभव साझा किए। इस साल जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक का आयोजन भी होना है और ये तीरंदाज इसके लिए तैयारी कर रहे हैं। नया संसद भवन देखने के बाद पार्थ ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, मैं यहां पहली बार आया। यह बील्डिंग काफी भव्य है और काफी बेहतरीन दिख रही है। वहीं, प्रथमेश ने इसे विशेष अनुभव बताया और कहा, हमने लोकसभा और राज्यसभा के नए हॉल को देखा। यह बहुत बड़ी इमारत है। 19वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम का हिस्सा रहे तुषार ने कहा, यह अच्छा अनुभव था क्योंकि अबतक हमने इसे टीवी पर ही देखा था। हमने दोनों सदनों को देखा। यहां बैठने की व्यवस्था काफी अच्छी है। तुषार ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को लेकर कहा कि वह इन खेलों में भारत के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं और उन्हें उम्मीद है कि भारत पिछले बार की तुलना में ज्यादा पदक जीतेगा। तुषार ने कहा, पेरिस ओलंपिक भारत के लिए अच्छा रहेगा। भारत पिछली बार की तुलना में पेरिस ओलंपिक में अधिक पदक जीतेगा। वहीं, सिमरनजीत को भी उम्मीद है कि भारत इस बार तीरंदाजी में पदक लेकर आएगा।

### पांच मैचों की सीरीज में भारतीय हॉकी टीम की चौथी हार, ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से दी शिकस्त

पर्थ। भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। पांच मैचों की श्रृंखला में यह मेहमान टीम की चौथी हार है। बिजली कड़कने के कारण 40 मिनट देरी से शुरू हुए मैच में चारों गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत की मदद से 12वें मिनट में बढ़त बनाई थी लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वां मिनट, 47 वां मिनट) ने दो और जैक वेल्क (54वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। पहले टेस्ट में भारत को 1-5, दूसरे में 2-4 और तीसरे में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के मद्देनजर खेली जा रही श्रृंखला का पांचवां मैच शनिवार को खेला जाएगा। न्यूजीलैंड भारतीय सेना की हॉकी टीम की ओर से 1926 में किए गए दौरे के सौ वर्ष होने का जश्न मनाने जा रहा है। तीन माह तक चले इस दौरे की टीम में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद भी शामिल थे। माना जाता है कि इसी दौरे से ध्यानचंद का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदय हुआ था। भारत में न्यूजीलैंड के राजदूत डेविड पाइन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 2026 दोनों देशों के संबंधों का विशेष वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि इस जश्न के लिए एक समिति का गठन हो चुका है और समय के अनुसार चीजें आगे बढ़ती चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम हर खेल में भारत के साथ जुड़ाव का जश्न मनाएंगे।

### आईसीसी टी20 विश्व कप के आधिकारिक गान के लिये तैयार पॉल और केस

दुबई। ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्ट इंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है। गाने की फिल्म क्लिप के साथ कई प्रसिद्ध सुपरस्टार भी शामिल होंगे। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दो दशकों से अधिक समय से संगीत उद्योग में एक अग्रणी हस्ती शॉन पॉल ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर को छूने के अनुभव के साथ कैरेबियाई संगीत के सार को पकड़ने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट हमेशा से हमारी संस्कृति का एक प्रमुख हिस्सा रहा है, इसलिए टी20 विश्व कप का आधिकारिक गान रिकॉर्ड करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं केस का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और ट्रैक में कुछ नृत्य के साथ यह कैरेबियन का एक अच्छा स्पर्श होगा। कीज़ डिफ़ेंथेलर, जिन्हें दुनिया में केस के नाम से जाना जाता है। वह त्रिनिदाद और टोबैगो स्थित केस द बैंड के प्रमुख गायक हैं, का इरादा गान के माध्यम से टूर्नामेंट में एक अनोखा माहौल लाने का है।


### वानखेड़े में रोमांचक होगी मुबंई और चेन्नई की भिड़ंत

मुबंई। मुबंई के वानखेड़े स्टेडियम पर मुबंई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 का मुकाबला रोमांचक होने के आसार हैं। चेन्नई के लिये आईपीएल का अब तक सफर उतार चढ़ाव से भरा रहा है। चेन्नई ने अब तक खेले गये पांच मुकाबलों में तीन में जीत दर्ज की है जबकि दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है वहीं दूसरी ओर मुबंई ने अपने शुरुआती तीन मैच गंवा कर टूर्नामेंट की शुरुआत निराशाजनक ढंग से की मगर पिछले दो मैचों में जीत की टॉनिक ने उसके मनोबल में जबरदस्त इजाफा किया है। चेन्नई और मुबंई ने सर्वाधिक पांच पांच बार जीत का स्वाद चखा है। वानखेड़े स्टेडियम पर चेन्नई के मुकाबले मुबंई का रिकार्ड शानदार रहा है। मुबंई ने इस मैदान पर 20 बार जीत हासिल की है जबकि चेन्नई को 16 मैचों में विजय मिली है। मुबंई की टीम का मनोबल सूर्य कुमार यादव के आने के बाद बढ़ा है। सूर्य ने पिछले मैच में रायल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाफ मात्र 19 गेदों में 52 रन ठोक कर अपनी फार्म का परिचय दे दिया था। वहीं इशान किशन,कैमरुन ग्रीन और रोहित शर्मा अपनी टीम के लिये तुरुप का इक्का बन सकते हैं।

### लखनऊ के मयंक 1-2 मैच और नहीं खेल पाएंगे

मैच के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोट को लेकर अपडेट देते हुए कहा कि मयंक की चोट उतनी गहरी नहीं है। वो ठीक हैं, लेकिन हम नहीं चाहते कि वो जल्दबाजी में मैदान पर वापसी करें। वो युवा हैं और हमें उनका ध्यान रखना है। वो मैच खेलने के लिए बेकरार हैं, लेकिन हमें उन्हें रोकना पड़ रहा है। हो सकता है कि वो एक-दो मैच और नहीं खेले। मयंक यादव गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने इस सीजन के तीसरे मैच में केवल एक ओवर ही गेंदबाजी कर पाए थे और उसके बाद पेट में खिंचाव की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे और फिर उन्होंने मैच में गेंदबाजी नहीं की थी। मयंक ने IPL के इस सीजन में लखनऊ सुपर जांयट्स की ओर से डेब्यू किया था। वे अब तक इस सीजन में केवल 3 ही मैच खेल पाए हैं। उन्होंने अपने तीन ही मैच से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। वे IPL के इस सीजन में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। वह 3 मैचों में 6 की इकोनॉमी रेट से 6 विकेट ले चुके हैं।

### पंत ने अंपायर से बहस की



इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार रात दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हराया। लखनऊ में दिल्ली ने 168 रन का टारगेट 18.1 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले, लखनऊ ने अपने होमग्राउंड इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन बनाए। डीसी की ओर से डेब्यू कर रहे जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 35 बॉल पर 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें रवि बिश्नोई ने जीवनदान दिया। ऋषभ पंत ने 41 रन की पारी खेली। बैटिंग के दौरान उनके हाथ से बल्ला छूट गया और राहुल के हाथों में जा लगा। वहीं, मैच के दौरान DRS को लेकर दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत अंपायर से भिड़ गए।

# पूरन को कुलदीप की डिलीवरी संपूर्ण रत्न थी : टॉम मूडी



मुबंई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज कुलदीप यादव की तारीफ करते हुये कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ चाईनामैन गेंदबाज का प्रदर्शन असाधारण था और निकोलस पूरन को आउट करने वाली उनकी पहली गेंद वास्तव में एक संपूर्ण रत्न थी।

स्टार स्पोर्टस पर बात करते हुये मूडी ने कहा आप न केवल मैदान के अंदर, बल्कि खेल के इस प्रारूप में पिछले 12 महीनों में सबसे अधिक जानकारी वाले खिलाड़ियों में से एक के बारे में बात कर रहे हैं। उसे पहली ही गेंद पर आउट करना बिल्कुल शानदार डिलीवरी थी और उसे वापस टीम में देखना बहुत अच्छा है। मुझे लगता है कि यह दिल्ली के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह उनके गेंदबाजी आक्रमण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आप देख सकते हैं कि जब वह कमर की चोट के कारण नहीं खेल रहा था, तो वे कहीं भी टीम में नहीं थे। उनके आक्रमण में दम नहीं था, खासकर बीच के ओवरों में, जो उनके पास है। इसलिए उनके लिए वापस आना और सीधे कुछ विकेट लेकर जीत हासिल करना एक शानदार परिणाम है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने कहा मुझे लगता है कि दिल्ली कुलदीप को पहले भी वापस लायी थी. मुझे यकीन नहीं है कि वह 100 फीसदी फिट है। जब वह मैदान से बाहर चला गया, तो आप देख सकते थे कि वह थोड़ा लंगड़ा रहा था। लेकिन इसने हमें दिखाया कि दिल्ली कहाँ है और मुझे लगता है कि यह सही कॉल है। यदि वह काफी करीब है, तो वह काफी फिट है। मुझे लगता है कि उनके साथ एक अलग टीम है। एक स्पिन गेंदबाज के रूप में हाथ के पिछले हिस्से से गेंदबाजी करना सबसे कठिन कला है। आपके पास सामने से बहुत अधिक नियंत्रण है। लेकिन वह किसी के लिए भी बहुत सटीक है। यह एक ऐसा हथियार है। और फिर उसका गलत होना कठिन है। मुझे नहीं लगता कि कई खिलाड़ी उसकी गुगली को बिल्कुल भी चुन पाते हैं।

क्लार्क ने टीम में पृथ्वी शॉ के महत्व पर बात करते हुये कहा मुझे लगता है कि उसके दोबारा टीम में वापस आने से डेव वार्नर को मदद मिलेगी या फ्रेज़र मैकगर्क के टीम में आने से उसे मदद मिलेगी।

## बधिर और दृष्टिबाधित प्रशंसक भी उठा सकेंगे आईपीएल का रोमांच

मुबंई। टाटा आईपीएल 2024 के आधिकारिक प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिए सांकेतिक भाषा कमेंट्री शुरू की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्टस की इस पहल का स्वागत करते हुये कहा हम सभी बहुत भाग्यशाली हैं कि हमने कमेंटरी में वास्तव में प्रतिष्ठित क्षणों को देखा है, विशेष रूप से एमएस धोनी के विश्व कप विजेता छक्के को रवि शास्त्री द्वारा बुलाया गया था। हर कोई खेल का पूरा आनंद लेने का हकदार है, और मुझे लगता है कि यह एक महान नवाचार है, खेल को उसकी पूरी सुंदरता के साथ उन सभी के सामने लाएँ जो सुनने में इतने भाग्यशाली नहीं हैं। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा ने सांकेतिक भाषा फ़ीड के बारे में कहा दुर्भाग्य से, ऐसे दर्शक हैं जो सुनने में सक्षम नहीं होंगे। वे आईपीएल को दृश्य रूप से देख पाएंगे। वे इसका आनंद लेंगे। बहुत से लोगों को अब खेल का वास्तविक हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा, न केवल दृश्यों के माध्यम से बल्कि इस सांकेतिक भाषा फ़ीड के साथ, वास्तव में रोमांचक है।

# ईएलओ रेटिंग में टूटा था बॉबी फिशर का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। इस तारीख को जन्मे चैंपियन की हमारी श्रृंखला में मुझे पूर्व विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पारोव के बारे में बताते हुए खुशी हो रही हैं। उनका जन्म 13 अप्रैल, 1963 को बाकू (अजरबेजान, सोवियत संघ) में हुआ था। उनका जीवन उतार-चढ़ाव वाला रहा। कास्पारोव 7 साल की उम्र में यंग पायनियर पैलेस, बाकू में शामिल हुए और बेहतर शतरंज खेलना सीख गए। वह शतरंज में अपने कौशल के लिए इतने प्रसिद्ध हो गए कि उन्हें 10 साल की उम्र में प्रतिष्ठित बोट्विनिक शतरंज स्कूल में शामिल होने के लिए चुना गया। (हालांकि, वह 1990 तक बाकू के स्थायी निवासी बने रहे)।

13 वर्ष की उम्र में कास्पारोव ने प्रसिद्ध माई सिक्सटी मेमोरेबल गेम्स ऑफ चेस (बॉबी फिशर द्वारा लिखित) का अध्ययन किया। 12 वर्ष की उम्र में गरिक वाइंस्टीन ने अपना नाम बदलकर गैरी कास्पारोव रख लिया। वर्ष 1980 में, कास्पारोव ने 13 गेमों में 10.5 अंकों के स्कोर के साथ विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप जीती। यह उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के निगेल शॉर्ट से 1.5 अंक अधिक थे। अगले पांच साल में वह सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए थे जो यह रिकॉर्ड अभी भी कायम है। वर्ष 1990 में, कास्पारोव स्थायी रूप से मॉस्को चले गए और खुद को रूसी करार दिया। कास्पारोव दो दशक (1984 से 2005) तक से भी ज्यादा समय तक कड़े प्रतिद्वंद्वी रहे थे बल्कि सबसे अधिक रेटिंग वाले शतरंज खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड भी कायम रखा। 1990 में कास्पारोव 2805 अंकों की ईएलओ रेटिंग तक पहुंच गए और बॉबी फिशर का 2785 अंक का रिकॉर्ड तोड़ दिया (वर्ष 1972)। 1993 में कास्पारोव के विश्व शतरंज महासंघ फिडे के साथ मतभेद हो गए और प्रोफेशनल शतरंज एसोसिएशन बनाने का फैसला किया जो कुछ शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों द्वारा संचालित एक निजी संस्था थी। कास्पारोव को ब्रिंगेम्स विश्व चैंपियनशिप मैच में अपने ही शिष्य व्लादिमीर क्रैमनिक के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा था।

# टू ओसियंस मैराथन 2024 केप टाउन में शुरु

केप टाउन। टू ओसियंस मैराथन 2024 शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित की गई, जिसमें दुनिया भर से हजारों एथलीट और खेल प्रेमी शामिल हुए।

शनिवार सुबह लगभग 14 हजार धावकों ने अल्ट्रा मैराथन की शुरुआत की, जबकि लगभग 18 हजार एथलीट रविवार की हाफ मैराथन में भाग लेंगे।

दक्षिण अफ्रीका की गेरडा स्टेन ने 56 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन में 3: 26: 54 के नए महिला रिकॉर्ड समय के साथ अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की, उन्होने 2023 में निर्धारित 3: 29: 05 के अपने समय को पीछे छोड़ दिया।

उनके हमवतन ओनालेन्ना खोनखोबे 2019 के बाद पुरुषों की दौड़ जीतने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बन गए। 28 वर्षीय खोनखोबे पिछले साल अपने पदार्पण में छठे स्थान पर रहे।

# कैंडिडेट्स शतरंज : गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले, प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला



टोरंटो (कनाडा)। डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा। अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा। रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

# रूस ने सीक्रेट बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की

## यह परमाणु हमला करने में सक्षम; पहली हाइपरसोनिक मिसाइल भी तैनात की



मॉस्को। रूस ने शुक्रवार को अपने कापुस्तिन यार रेंज से टॉप सीक्रेट इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की है। रूसी मीडिया RT के मुताबिक, यह मिसाइल परमाणु हमले में सक्षम है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस मिसाइल के परीक्षण की पुष्टि की।

मंत्रालय ने कहा कि यह मिसाइल रूस की सुरक्षा को पुख्ता करने में मदद करेगी। RT के मुताबिक, ICBM एक सॉलिड फ्यूल मिसाइल है, जो थर्मो-न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। इसे जमीन पर किसी एक जगह या चलते वाहन पर भी तैनात किया जा सकता है। हालांकि, इसकी क्षमताओं और खासियत को लेकर फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है।

### पुतिन बोले- नए हथियार किसी भी कोने में हमला कर सकते हैं

इससे पहले रूस ने शुक्रवार को अपनी हाइपरसोनिक न्यूक्लियर मिसाइल की पहली रेजिमेंट तैनात की। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने राष्ट्रपति पुतिन को इसकी जानकारी दी। हालांकि, रूस ने यह मिसाइल कहां तैनात की है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। रॉयटर्स के मुताबिक, इस सिस्टम का नाम ऐवानगार्ड है। राष्ट्रपति पुतिन के मुताबिक, रूस के नई जेनरेशन वाले परमाणु हथियार दुनिया के किसी भी कोने में हमला कर सकते हैं। यह किसी भी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेदते हुए अटैक करने में सक्षम हैं। फिलहाल किसी भी देश के पास हाइपरसोनिक हथियार नहीं हैं। रूस अभी RS-24 यार्स मिसाइलों का इस्तेमाल करता है। रूसी भाषा में यार्स शब्द का अर्थ एटमी हमले को रोकने वाला रॉकेट होता है। RS-24 यार्स के जरिए रूस ने अपने RT-2PM2 टोपोल-रू मिसाइल सिस्टम को रिप्लेस किया था। हालांकि, पिछले कुछ समय से आ रही खबरों में दावा किया गया था कि रूस RS-24 का एडवांस सिस्टम बना रहा है।

### क्या होती हैं सॉलिड फ्यूल मिसाइल

ऐसी मिसाइलों में लिक्विड यानी तरल ईंधन की बजाय सॉलिड फ्यूल का इस्तेमाल किया गया था। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक सॉलिड फ्यूल पर चलने वाली मिसाइलें ज्यादा सुरक्षित होती हैं। इन्हें तेजी से तैनात किया जा सकता है।

दरअसल, लिक्विड फ्यूल वाली मिसाइलों में लॉन्च से ठीक पहले ही ईंधन भरना पड़ता है, जिसमें काफी घंटे लगते हैं। वहीं, सॉलिड फ्यूल वाली मिसाइलों को तेजी से फायर किया जा सकता है, जिससे उन्हें इंटरसेप्ट करना, यानी उन्हें डिटेक्ट कर रोकना मुश्किल होता है। इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में भी रूस ने परमाणु बमों को ले जाने में सक्षम ब्यूरवेस्टनिक मिसाइल की टेस्टिंग की थी। इस पर पुतिन ने कहा था कि ये परमाणु मिसाइल हजारों मील दूर से हमला कर सकती है। रूस ने सरमत मिसाइल सिस्टम का काम भी पूरा कर लिया है।

### रूस ने आर्कटिक में बनाई थी नई न्यूक्लियर फैसेलिटी

वहीं सितंबर 2023 में रूस की कुछ सैटेलाइट तस्वीरें वायरल हुई थीं। इसमें आर्कटिक के नोवाया जेमल्या आईलैंड पर रूस की नई न्यूक्लियर फैसिलिटी दिखाई गई थी। साल 1955 से 1990 तक इसी जगह पर सोवियत यूनियन ने परमाणु परीक्षण किए थे। साइंस एंड ग्लोबल सिक्योरिटी जर्नल के मुताबिक, यहां 130 परमाणु परीक्षण हुए थे। सैटेलाइट इमेज के मुताबिक, 2021 से 2023 के बीच नई न्यूक्लियर फैसिलिटी में काफी कंस्ट्रक्शन हुआ। यहां जहाजों को आते-जाते देखा गया। आर्कटिक के पहाड़ों को खोद कर कई सुरंग भी बनाई गईं। हालांकि रूस ने इस सिलसिले में कोई बयान नहीं दिया था।

## ईरान ने बीच समुद्र में जब्त किये इजरायल के मालवाहक जहाज, दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर

तेहरान। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के सैन्य बलों ने इजरायल से जुड़े एक मालवाहक जहाज को शनिवार को जब्त कर लिया जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। समाचार एजेंसी 'तस्नीम' ने यह खबर दी है। सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि इस जहाज पर 17 भारतीय नागरिक भी मौजूद हैं। यह जहाज ओमान की खाड़ी से होर्मुज पास होते हुए भारत आ रहा था जिस पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। वीडियो में फुटेज में ईरानी सैन्य बल के जवान हेलिकॉप्टर से जहाज पर उतरते हुए दिख रहे हैं। ईरान और इजरायल में तनाव बढ़ता जा रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, कब्जे में लिया जहाज, जिसका नाम 'एमएससी एरीज़' है, पुर्तगाल के झंडे के नीचे संचालित होता है। यह लंदन स्थित कंपनी 'ज़ोडियाक मैरीटाइम' से जुड़ा है और इसका स्वामित्व इज़राइली अरबपति इयाल ओफ़र के पास है। इजरायली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा,हम किसी भी तरह के हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी राजदूत के पास हवाई हमला किया था जिसमें ईरान के दो शीर्ष आर्मी कमांडर समेत 13 लोगों की मौत हो गयी थी। ईरान ने इसके बाद बदला लेने के लिए इजराइल पर हमला करने की धमकी दी है।

## पर्याप्त नींद लेने से सालों जवां नजर आ सकते हैं युवा

स्टॉकहोम। एक नवीनतम शोध में यह तथ्य सामने आया है कि युवा पर्याप्त नींद लेने से सालों जवां नजर आ सकते हैं। स्वीडन के वैज्ञानिकों का दावा है कि स्वस्थ आहार और व्यायाम की दिनचर्या बनाये रखने से आपको युवा महसूस करने में मदद मिल सकती है लेकिन पर्याप्त नींद लेने की आदत बना लेने से भी आप ऐसा अनुभव कर सकते हैं। एक हालिया अध्ययन के अनुसार यदि आप हर रात सात या नौ घंटे की नींद लेते हैं तो आप कई साल युवा महसूस कर सकते हैं। स्टॉकहोम यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया कि रात में आठ घंटे से कम सोने से आप दस साल से अधिक उम्र का महसूस कर सकते हैं। शोध में स्वयं को युवा महसूस करने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के बीच सकारात्मक संबंध का पता चला है। लंबी, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा और युवा मस्तिष्क किसी की वास्तविक उम्र से कम उम्र महसूस करने से जुड़े हुए हैं। स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग की शोधकर्ता लियोनी बाल्टर ने कहा, पर्याप्त नींद मस्तिष्क के कार्य और समग्र कल्याण के लिए आवश्यक है। हमने यह परीक्षण करने का निर्णय लिया कि क्या नींद उम्र की युवा भावना को संरक्षित करने के लिए कोई रहस्य रखती है।

## पाकिस्तान : आतंकवादियों के हमले में 11 लोगों की मौत,चार घायल

क्वेटा। पाकिस्तान में बलूचिस्तान के नुश्की जिले में शुक्रवार को अज्ञात आतंकवादियों के हमले में पंजाब प्रांत के नौ यात्रियों सहित 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि चार अन्य घायल हो गये। नुश्की के उपायुक्त हबीबुल्लाह मुसाखेल ने कहा कि कल रात 12 से अधिक आतंकवादियों ने नुश्की से लगभग एक किलोमीटर दूर सुल्तान चढाई के पहाड़ी बिंदु पर क्वेटा-नुश्की-ताफ्तान एन -40 राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। एक वाहन के नहीं रुकने पर गोलीबारी की। गोलीबारी के कारण वाहन का टायर फट गया और पलट गया, जिससे वाहन चालक की मौत हो गयी। नुशकी पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने क्वेटा से ताफ्तान जा रही एक यात्री बस को भी रोक दिया और यात्रियों के सीएनआईसी की जाँच की और नौ लोगों का अपहरण कर लिया। ये लोग पास पंजाब प्रांत के निवासी थे। नुश्की के थाना प्रभारी असद मेंगल ने कहा कि आतंकवादी अपहृत व्यक्तियों के साथ पास की पहाड़ियों की ओर भाग गये और बाद में सभी नौ लोगों के शव आसपास के एक पुल के नीचे पाए गए। इन सभी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नुश्की के पुलिस अधीक्षक अल्लाह बख्श ने कहा कि मारे गए लोग मंडी बहाउद्दीन, वज़ीराबाद और गुजरांवाला के थे। उन्होंने कहा कि ये मजदूर थे और क्वेटा से ताफ्तान के लिए बस में चढ़े थे।

# ब्रिटेन में 5 भारतवंशियों को 122 साल की सजा

## 7 महीने पहले भारतीय मूल के शख्स की हत्या की थी, कुल्हाड़ी-हॉकी स्टिक से हमला किया था




लंदन। ब्रिटेन में शुक्रवार को 5 भारतवंशियों को 122 साल की सजा हुई है। इन्हें 23 साल के भारतीय मूल के ड्राइवर की हत्या के लिए दोषी पाया गया।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, अर्शदीप सिंह, जगदीप सिंह, शिवदीप सिंह और मनजोत सिंह को हत्या के लिए 28-28 साल की सजा सुनाई गई। वहीं, सुखमनदीप सिंह को हमले में मदद करने के लिए 10 साल की सजा हुई।

पांचों भारतवंशियों ने अगस्त 2023 में एक डिलीवरी ड्राइवर अरमान सिंह की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पश्चिमी इंग्लैंड के श्रूस्बरी शहर में अरमान पर कुल्हाड़ी, हॉकी स्टिक, लोहे की रॉड, फावड़ा, चाकू, क्रिकेट बैट से हमला किया गया था।

### 8 नकाबपोश हमलावरों ने हत्या की थी

पिछले 5 हफ्तों से इस मामले में सुनवाई जारी थी। इसमें सामने आया कि दो कारों में 8 नकाबपोश लोग अरमान पर हमला करने पहुंचे थे। इनके पास खतरनाक हथियार थे और सभी ने काले रंग का मास्क पहन रखा था। आरोपी भारतीवंशियों के खिलाफ केस लड़ रहे वकील ने कोर्ट से कहा, आरोपियों ने अरमान के सिर पर तीन बार कुल्हाड़ी से वार किया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सिर पर कई फ्रैक्चर आने की बात है। इसके बाद रॉड, हॉकी से हमला हुआ। बाद में पीठ में चाकू मारा गया। अरमान की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## सिडनी शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमले में मारे गए लोगों की संख्या छह

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन शॉपिंग सेंटर में चाकू से हुए हमले में मरने वालों की संख्या छह हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, द ऑस्ट्रेलियन ने कहा था कि चाकूबाजी के कारण एक बच्चा सहित कम से कम सात लोग घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने एबीसी न्यूज द्वारा प्रसारित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जानकारी के अनुसार, इस अपराधिक कृत्य में अब तक पांच पीड़ित मारे गए हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# संविधान को कुचलने व लोकतंत्र का गला घोटने की साजिश रच रही बीजेपी : दीपेंद्र हुड्डा

## सत्ताबल, धनबल, साजिश और षड्यंत्रबल के दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही बीजेपी: दीपेंद्र हुड्डा

**ललित कुमार गोठवाल**

बहादुरगढ़(झज्जर)। बीजेपी संविधान को कुचलने और लोकतंत्र का गला घोटने की साजिश के तहत आगे बढ़ रही है। लेकिन कांग्रेस व देश की जनता बीजेपी के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। यह कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। दीपेंद्र हुड्डा आज बहादुरगढ़ में हुए आशीर्वाद समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इसका आयोजन राजेश जून द्वारा किया गया। समारोह में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर सांसद दीपेंद्र उत्साहित नजर आए।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वो इसी जनसमर्थन के दम पर प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं, बीजेपी सत्ताबल, धनबल, साजिश और षड्यंत्र बल के दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उसके पास गिनवाने के लिए ना कोई काम है और ना ही बताने के लिए कोई उपलब्धि। लेकिन कांग्रेस अपने विकास कार्यों का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जा रही है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बतौर लोकसभा सांसद अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बहादुरगढ़ में मेट्रो लाने से लेकर कॉलेज, न्यूक्लियर रिसर्च संस्थान, कैंसर इंस्टीट्यूट, आईटीआई, स्कूल, बाईपास व पुल बनवाने समेत कई



कार्य किए। इतना ही नहीं मेट्रो को सांखौल गांव तक लाने, अंडरपास और दूसरी तरफ के बाईपास को भी कांग्रेस सरकार के दौरान मंजूरी मिल चुकी थी। लेकिन उसके बाद सरकार बदल गई। बीजेपी ने बहादुरगढ़ समेत पूरी रोहतक लोकसभा के साथ इस कद्र भेदभाव किया कि कांग्रेस विकास के जिन कार्यों जहां छोड़कर गई थी, 10 साल बाद भी वो वहीं अटके पड़े हैं। बीजेपी के मौजूदा सांसद और साढे नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर ने कभी बहादुरगढ़ का संज्ञान नहीं लिया। लेकिन इसबार रोहतक लोकसभा की जीत विधानसभा चुनावों के नतीजे को तय करगी। प्रदेश में एकबार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी और मेट्रो को रोहतक तक लेकर जाने, अंडरपास, दूसरी तरफ के बाईपास व दिल्ली की तर्ज पर बहादुरगढ़ का रिंग रोड बनाने के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

आशीर्वाद सम्मेलन के बाद सांसद दीपेंद्र ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर हुए कार्यक्रम में भी शिरकत की। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने जय भीम का उद्घोष करते हुए भीमराव अंबेडकर को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बने हमारे संविधान पर बतौर सदस्य उनके दादा चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के भी हस्ताक्षर हैं। उन्हें इस बात का गर्व है। लेकिन बीजेपी के नेता चुनावी मंचों से लगातार बाबासाहेब के दिए हुए संविधान को बदलने का ऐलान कर रहे हैं। लेकिन हम बीजेपी को चेतावनी देते हुए ऐलान करते हैं कि वो संविधान को 1 इंच भी टस से मस नहीं कर पाएगी।

## शार्ट न्यूज

### बादली विधायक कुलदीप वत्स ने बादली के दरियापुर में की लोगों से मुलाकात



रोहतक लोकसभा सीट से चुनाव की तैयारी कर रहे कांग्रेस पार्टी के नेता भाई दीपेंद्र सिंह हुड्डा के लिए बादली विधायक कुलदीप वत्स शनिवार को दरियापुर में वोट मांगने पहुंचे हुए थे ।इस दौरान कुलदीप वत्स लोगों से कांग्रेस पार्टी और भाई दीपेंदर सिंह हुड्डा के पक्ष में वोट डालने की बात कही । वहीं बादली विधायक कुलदीप वत्स ने दरियापुर के जनता से मोदी सरकार की विफलताओं के बारे में भी बता की । पिछले कई दिनों से कुलदीप वत्स डोर-टू-डोर कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के लिए वोट मांग रहे हैं। इस दौरान दरियापुर के जय भगवान 360 जोगी समाज के अध्यक्ष सुरेश, नरेंद्र, हरीश और अनिल कुमार ने आज बीजेपी छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान कुलदीप वत्स ने कहा कि जनता ने इस बार मन बना लिया है कि कांग्रेस को वोट देना है, जनता बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त आ चुकी है उन्होंने कहा कि जुमलेबाजी की मोदी सरकार से परेशान होकर इस बार जनता कांग्रेस के पक्ष में वोट देने जा रही है। यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी को जनता का अपार जन समर्थन मिल रहा है। वहीं, कांग्रेस पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी दरियापुर कुलदीप वत्स के साथ प्रचार करते दिखाई दिए ।जिसमे जीतेन्द्र (लगरपुर), कुलदीप सिंह , रामधीर सिंह, रामपाल, रामनिवास शामिल थे ।

### डोल्से गब्बाना ड्रेस और रोलेक्स घड़ी में नजर आई उर्वशी रौतेला ने लोगों का दिल जीता



मुंबई (अनिल बेदाग)। फोर्ब्स टॉप 10 में शामिल होने वाली देश की सबसे कम उम्र की और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली वैश्विक सुपरस्टार उर्वशी रौतेला ऐसी अभिनेत्री हैं जिन्हें अक्सर आकर्षक आउटफिट और एक्सेसरीज़ में काम के सिलसिले में यात्रा करते हुए देखा जाता है। इस बार भी, वह एक विशेष और शानदार डोल्से गब्बाना पोशाक पहने हुए देखी गईं, जिसकी कीमत 6 लाख से अधिक है और इसके अलावा, उनकी शानदार रोलेक्स घड़ी जिसकी कीमत 1 करोड़ है, वह भी पूरे इंटरनेट पर ध्यान आकर्षित कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अभिनेत्री को एक बच्चे द्वारा सुखद आश्चर्य हुआ, जिसे हवाई अड्डे पर उसके वैश्विक ट्रेंडिंग गीत %विग्डियन हीरन% पर नृत्य करते देखा गया था। उर्वशी का शानदार डोल्से गब्बाना आउटफिट एक सीमित संस्करण का फ्लोरल प्रिंटेड को-ऑर्ड आउटफिट है और प्रिंट से लेकर लेयर्स तक सब कुछ एक फैशन ट्रेंड सेट कर रहा है। जैसा कि अपेक्षित था, ब्रांड के मूल्य को देखते हुए, इसकी कीमत 6 लाख से अधिक है और उर्वशी की विशाल कुल संपत्ति को देखते हुए, हम आश्चर्यचकित नहीं हैं।

### एयरपोर्ट पर ग्लैमरस और स्टाइलिश कायनात अरोड़ा ने फैंस को चौंकाया



मुंबई (अनिल बेदाग)। कायनात अरोरा एक ऐसी दिवा हैं जिन्होंने कभी भी सीमाओं के मामले में खुद को किसी भी तरह से पीछे नहीं रखा। उसने जो कुछ भी किया है उसमें वह सदैव प्रभावशाली रही है और कोई आश्चर्य नहीं कि उसे हर तरह से भारी लोकप्रियता हासिल है। एक अभिनेत्री के रूप में उन्होंने कभी भी किसी भी प्रकार के बाहरी फैसले या सामाजिक कलंक की परवाह नहीं की है और यही कारण है कि, चाहे कुछ भी हो, वह हमेशा अपनी जगह बनाए रखने और अपनी कला पर ध्यान केंद्रित करने में कामयाब रही हैं। कायनात न केवल एक शानदार अभिनेत्री हैं जो दर्शकों को अपने अभिनय से प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं, बल्कि कायनात एक ऐसी अभिनेत्री भी हैं जिन्हें फैशन की बहुत अच्छी समझ है। उनका फैशन गेम हमेशा चरम पर रहता है और यही कारण है कि समय की जो भी ज़रूरत हो, कायनात हमेशा दिलों को जलाने और सबको चौंका देने के लिए तैयार रहती हैं। मैग्नेटिक रेड कार्पेट अवतार से लेकर एयरपोर्ट पर उनके शानदार स्वैग वाले पलों तक, हम इन सबके दीवाने रहे हैं।

### भदोही में तीन अपराधी हुए जिला बदर

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप गुंडा एक्ट के तहत शनिवार को विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल तीन अभियुक्त जिला बदर किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर तेजवीर सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा शातिर, मनबढ व अभ्यस्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थाना औराई से दो व कोईरौना क्षेत्र से एक अभियुक्त को जिलाबदर किया गया। बताया कि विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए आमजन के साथ मारपीट, गाली-गलौज, धमकी देने व चोरी जैसे अपराधों के द्वारा सामान्य जनता में भय एवं आतंक व्याप्त कर गुण्डा गर्दी करने वाले तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप कार्रवाई की गई है।

# स्याना विधानसभा में हुआ विशाल बूथ सम्मेलन









स्याना। स्याना विधानसभा में नवाब फार्म हाउस में एक बूथ सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में परिवहन विभाग के माननीय मंत्री परम आदरणीय दयाशंकर सिंह जी का रहना हुआ पूरी विधानसभा से शतप्रतिशत उपस्तिथि बूथ अध्यक्षों शक्ति केन्द्र संयोजक प्रभारी मण्डल प्रभारी मंडल अध्यक्ष विधान सभा संयोजक विधान सभा प्रभारी सभी मौजूद रहे इस मौके पर लोकसभा संयोजक स्याना विधान सभा क्षेत्र से लोकप्रिय विधायक श्रीमान देवेंद्र सिंह लोधी जी लोकसभा सहप्रभारी आदरणीय योगेंद्र सिंह जी भाजपा प्रत्याशी लोकप्रिय सांसद डाक्टर भोला सिंह जी भी मौजूद रहे डाक्टर भोला सिंह जी ने अपने लिए और माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार परम आदरणीय मोदी जी के लिए वोट की अपील की स्याना विधान सभा के सभी बूथ अध्यक्ष सहित सभी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी पूरी निष्ठा के साथ चुनाव में लगे हैं मेरा नरेन्द्र बंसल बुलंदशहर का मंडल प्रभारी स्याना होने के नाते बूथ सम्मेलन में रहना हुआ।

## वी बाजार उतरौला मॉल में फुट मैट पर खाने काबा की प्रिंटिंग कर बेचने से लोगों में भारी आक्रोश

**रमेश शर्मा। गौरवशाली भारत**

उतरौला बलरामपुर। वी बाजार मॉल की करतूत से उतरौला की जनता में भारी आक्रोश। वी बाजार में फूट मैट पर खाने काबा की प्रिंटिंग कर के बेचा जा रहा था। कुछ ग्राहक सामान खरीदने वी बाजार में गए थे। जिनकी नजर उस मैट पर पड़ी जिस पर खाने काबा की प्रिंट थी। इस पर खरीद दारों ने इसका विरोध किया। कि इस तरह की वस्तु आप लोग क्यों बेचते हैं। और उस तथा कथित मैट की वीडियो और फोटो ले ली। इसके बाद यह वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर लीक हो गई। और इस खबर को सुनकर जनता में बहुत आक्रोश व्याप्त हो गया। जिस- जिस ने भी सुना वह चाहे जिस धर्म का हो सब ने एक साथ इसका विरोध दर्ज कराया। वक्त रहते प्रशासन को इसकी सूचना लग गई। और प्रशासन ने स्थिति को संभाला और लोगों से अपील की कि आप सब अपने घरों को जाएं ।इस वी बाजार मॉल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बात की सूचना जिले के उच्च अधिकारियों को लगते ही अपर पुलिस अधीक्षक व एडीएम बलरामपुर ने तत्काल उतरौला आकर स्थिति को नियंत्रण में किया। क्योंकि अभी ईद का त्योहार गया है। अब सहालग का समय है। और व्यापारियों में भय व्याप्त है कि ग्राहक आएंगे कि नहीं ।प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग कर के स्थिति को एकदम शांत कर दिया है। जनजीवन एकदम समान है। आप सब आ जा सकते हैं। स्थिति एकदम सामान्य है। अफवाहों पर ध्यान मत दें। वी बाजार का सर्व समाज बहिष्कार कर रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी ताकि आगे कोई ऐसी घटना दोबारा ना हो सके। बुद्ध जीवियों की तहरीर पर वी बाजार के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जिसका विवरण इस प्रकार है।

## केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले की मौजूदगी में फ़िल्म गौरैया लाइव का शानदार प्रीमियर



मुंबई (अनिल बेदाग)। काफी समय से चर्चा में रही फिल्म गौरैया लाइव का प्रीमियर मुंबई में आयोजित किया गया। इस अवसर पर फ़िल्म के निर्माता राहुल रंगारे, निशांत जैन, रोहित राज सिंह चौहान , कलाकार नरेंद्र खत्री, सीमा सैनी, अदा सिंह , विनय झा , निर्देशक गेब्रियल वत्स के साथ ही केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले उपस्थित रहे। गौरैया लाइव एक मजदूर पिता के बेटी की कहानी है जो बोरवेल में गिर गई है। रेयर फिल्म्स और टी एंड पोएट्री फिल्म्स के बैनर तले बनी इस सर्वाइवल ड्रामा को देखने के लिए दर्शक भी काफी उत्सुक है। यह कहानी भोपाल के मजदुर पिता के बेटी की कहानी है। जिसे बड़े ही मार्मिक ढंग से पेश किया गया है। जो एक खुले बोरवेल में गिर जाती है जो कंस्ट्रक्शन साइट पर ही रहती है। फिल्म को देख सभी बहुत इमोशनल भी हुए। इस फिल्म में दिखाया गया सत्य कड़वा है पर सत्य है। ऐसी स्थिति किसी भी माँ बाप पर न आये इसका खास ध्यान रखना चाहिए।

## भूपेंद्र चौधरी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे बुलंदशहर

बुलन्दशहर । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को बुलंदशहर के कस्बा शिकारपुर पहुंचे । प्रदेश अध्यक्ष ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में एक एक वोट पर गहनता से निगरानी रखते हुए जीत का मंत्र दिया। इस दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे सवाल में बरेली के हिस्ट्रीशीटर को बीजेपी में शामिल करने पर प्रदेश अध्यक्ष का कहना था कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है। आगे उन्होंने वार्ता के दौरान बताया कि पार्टी का लक्ष्य विकसित भारत समृद्धशाली भारत है। कभी-कभी मजबूरी वश बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कुछ कुंठित तथा अस्थाई निर्णय लेने पड़ते।

# गांव खोरड़ा में अंबेडकर जयंती का हुआ कार्यक्रम

झज्जर। झज्जर के गांव खोरड़ा में अंबेडकर जयंती का हुआ कार्यक्रम। इस कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामीण के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में दीपेंद्र हुड्डा की माताजी आशा हुड्डा और साथ में झज्जर विधायक गीता भुक्कल मुख्य रूप से उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में पहुंचने पर जिला पार्षद शिवकुमार खोरड़ा की तरफ से एवं समस्त ग्रामीणों की तरफ से आशा हुड्डा और गीता भुक्कल का फूल मालाओं व शाल देकर वह मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम में जिला पार्षद शिवकुमार खोरड़ा ने पहुंचे सभी लोगों को अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बाबा भीमराव अंबेडकर की द्वारा दी गई शिक्षा के बारे में बताया उन्होंने बताया कि आज जो भी कुछ इस समाज में है वह है सब भीमराव अंबेडकर की ही देन है। इस



मौके पर विधायिका गीता भुक्कल ने लोगो को जन आक्रोश रैली का निमंत्रण झज्जर में अंबेडकर जयंती सवेरा स्कूल में आयोजित की जा रही है ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे।

वही इस मौके पर आशा हुड्डा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की अंबेडकर साहब ने जो शिक्षा की जो अलख जगाने का काम किया है उसको देश हमेशा याद रखता है और शिक्षा जो ग्रहण करता है उसके जीवन में हमेशा उजाला रहता है और शिक्षा देश का भविष्य बनती है उन्होंने कहा शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा ।वहीं उन्होंने आने वाले चुनाव में मतदान के लिए वोट की चोट से अपना उम्मीदवार चुन ने की भी बात कही। उन्होंने कहा की जनता को अपना उमीदवार वोट के माध्यम से चुनना जरूरी है।

# एआई की दुनिया मे आयी एक क्रांति! रोबॉटिक मशीन चंद मिनटों में खाना बनाकर कर देगा आपको हैरान

## वंडरशेफ ने लॉन्च किया चेफ मैजिक : ऑल-इन-वन किचन रोबोट

मुंबई (अनिल बेदाग)। प्रीमियम किचन उत्पादों की कंपनी वंडरशेफ ने शेफ मैजिक नामक एक अत्याधुनिक उत्पाद पेश किया है। ये एक किचन रोबोट है जो घर पर खाना पकाने का अनुभव पूरी तरह से बदल देगा। इसमें 200 से ज्यादा रेसिपी पहले से लोड की गई हैं जिसे आप अपने स्मार्टफोन जैसे टचस्क्रीन से चुन सकते हैं। आपको बस स्क्रीन पर रेसिपी चुननी है, फिर मशीन बताएगी कि किस सामग्री को डालना है। वो सामग्री का वजन लेगी और फिर खुद ही सारी प्रक्रियाएं जैसे मिलाना, काटना, उबालना, भूनना, ब्लेंड करना आदि करेगी। वंडरशेफ के संस्थापक और ष्टश्वह्र रवि सक्सेना ने कहा, हमने शेफ मैजिक से 3 साल में 200 करोड़ रुपये की बिक्री का लक्ष्य रखा है। ये उत्पाद विदेशी बाजारों में भी बेचा जाएगा। अमेरिका और कनाडा के लिए अलग वोल्टेज की मशीन भी बनाई गई है। हम जून से वैश्विक बाजारों में इसको उपलब्ध करवाएंगे।




उन्होंने आगे बताया , शेफ मैजिक एक कनेक्टेड डिवाइस है। हम इस डिवाइस को सक्रिय रखेंगे और ग्राहकों की पसंद के अनुसार हर हफ्ते ताज़ा रेसिपी जोड़कर अनुभव को और ज्यादा रोचक बनाएंगे। ये नई रेसिपी हमारे ग्राहक चेफ मैजिक को उनके वाई-फाई से कनेक्ट करके डाउनलोड कर सकते हैं। सभी मशीनों को नियमित रूप से रेसिपी अपडेट मिलता रहेगा।

शेफ मैजिक में शेफ संजीव कपूर द्वारा 200 से ज्यादा भारतीय और विदेशी व्यंजनों की रेसिपियां लोड की गई हैं। यह एक ऐसा विकल्प हैं जो दुनिया भर में रहने वाले भारतियों के लिए विकसित किया गया है। यह लोकप्रिय भारतीय खाद्यों से लेकर वेगन, जैन, कॉन्टिनेंटल, थाई, चाईनीज़ , इटलियन, मेक्सिकन और अन्य वैदिक रेसिपी तक कवर करता है। इसमें शाकाहारी, जैन, आयुर्वेदिक, मधुमेह और दिल के मरीजों के लिए भी विशेष रेसिपियां शामिल की गई हैं।

रवि सक्सेना ने बताया कि आज के समय में लोग बाहर का खाना ज्यादा खाते हैं जो सेहत के लिए नुकसानदायक है। शेफ मैजिक से घर पर आसानी से स्वादिष्ट और स्वस्थ खाना बनाया जा सकता है। हमारा लक्ष्य हमेशा से ही ऐसे उपकरण विकसित करना रहा है जो घर पर खाना पकाना आसान और आनंददायक बना दें।

शेफ संजीव कपूर ने कहा, भारतीय लोग जीवन शैली की बीमारियों जैसे मोटापा, हृदय समस्या, और मधुमेह से पीड़ित हैं। आजकल युवा बहार के खाने का ज्यादा सेवन करने लगे हैं। बाहरी खाने की नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। शेफ मैजिक ने खाना बनाने को न केवल आसान बनाया है, बल्कि इसे रोचक भी बनाया है जिसे कोई भी आसानी से घर पर अपनी पसंद का खाना बना सकता है। वंडरचेफ में हम स्वस्थ भारत की ओर काम कर रहे हैं।

शेफ मैजिक में मोबाइल ऐप भी है जिससे दूर से ही मशीन को कंट्रोल किया जा सकता है। आप रेसिपी चुन सकते हैं और बाकी का काम मशीन खुद करेगी। आप अपनी रेसिपियां भी सेव कर सकते हैं।

## धमकाने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की गोपीगंज थाना पुलिस ने मुकदमा खत्म करने के लिए एक व्यक्ति को धमकी देने के आरोप में शनिवार को आरोपी हिस्ट्रीशीटर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले की गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के महुआरी निवासी अनुरीत गुप्ता उर्फ मोनू गुप्ता पुत्र दयाशंकर की तहरीर पर गोपीगंज पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। बताया गया कि मोनू ने कोतवाली में तहरीर देते हुए शिकायत दर्ज कराई की उसके साथ नौ फरवरी 2024 को थाना अनपरा के अन्तर्गत बारह लाख बयासी हजार रूपए का सुनियोजित ढंग से फ्रॉड हुआ। इस सम्बन्ध में फ्रॉड करने वाले कृष्णा गुप्ता निवासी बैढ़न, थाना बिन्दनगर, जिला सिंगरौली, जितेन्द्र मौर्या, सुमित मिश्रा व सत्यांश मिश्रा निवासी शिवमंदिर रेनूसागर थाना अनपरा में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इसी को लेकर गोपीगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर जितेन्द्र मौर्या पुत्र फूलचन्द्र मौर्या निवासी किसुनदेवपुर, थाना गोपीगंज भदोही द्वारा मुकदमा उठाने को लेकर धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# घर जा रहे युवक पर जानलेवा हमला, जिला अस्पताल रेफर

## पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**संवाददाता। गौरवशाली भारत**

कर्नलगंज,गोण्डा। शुक्रवार की देर शाम कर्नलगंज से घर जा रहे एक युवक पर कुछ लोगों ने रास्ते में गाड़ा बंदी करके जानलेवा हमला कर मरणासन्न कर दिया। घायल को आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जहाँ उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत बरगदी- चचरी मार्ग स्थित ग्राम हरसहाय पुरवा के पास से जुड़ी है। शुक्रवार की शाम ग्राम काशीपुर निवासी शिवाकांत गोस्वामी पुत्र रामकृपाल ने घायलावस्था में कोतवाली में तहरीर दिया है। तहरीर में कहा गया है की वह कर्नलगंज तहसील से शुक्रवार दिनांक 12.04.2024 को शाम करीब साढ़े सात बजे अपने घर जा रहे थे। तभी अभिषेक सिंह उर्फ अन्नू पुत्र सिद्धनाथ सिंह निवासी ग्राम चतरौली (पाल्हापुर) ने उनके मोबाईल पर फोन करके उनका लोकेशन पूछा जिस पर उन्होंने कर्नलगंज से घर के लिए निकलने की बात कही। वह अपनी बाइक से चचरी मार्ग स्थित हरसहाय पुरवा के पास पहुंचे ही थे की पहले से घात लगाए बैठे फोन करने वाले व्यक्ति अभिषेक सिंह उर्फ अन्नू ने अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ उन्हें रोंक लिया और अवैध असलहा की बट से उसके सर पर ताबड़तोड़ वार करने लगे। चारों लोगों ने मारपीट कर उसे मरणासन्न कर दिया और जेब में रखे 5000 रूपये निकालकर सड़क के किनारे गड्ढे में धकेल कर उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। हल्ला गुहार सुनकर आसपास के लोग दौड़े जिस पर गाली व जान से मार डालने की धमकी देते हुए चारों लोग फरार हो गए। आनन फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुँचाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात के विरूद्ध धारा 394, 341,323,504,506,427 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

समाचार भेजे जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई थी। वहीं परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक घायल युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है।






CMYK CMYK CMYK CMYK